


दैनिक

# सांध्य प्रकाश

भोपाल की धड़कन




वर्ष 52/ अंक 282/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल ▪आर.एन.आई 22296/71 ▪डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, शुक्रवार 02 जून 2023 भोपाल से प्रकाशित dainiksandhyaprakash.in


सांध्यप्रकाश विशेष

## भोपाल में बनेगा अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम: चौहान



**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि हमारा देश 15 अगस्त 1947 को स्वतंत्र हुआ था और भोपाल 1 जून 1949 को स्वतंत्र हुआ। आज हम भोपाल का स्वतंत्रता दिवस, गौरव दिवस के रूप में मना रहे हैं। अनेक लोगों ने भोपाल की आजादी के लिए विलीनीकरण में हिस्सा लिया था। यह उनको याद करने का दिन है। भोपाल केवल नवाबों का शहर नहीं राजा भोज द्वारा बसाया गया शहर है। भोपाल के तालाब में राजा भोज की प्रतिमा लगाई है, जो भोपाल की पहचान है।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि आगामी वर्ष से भोपाल गौरव दिवस पर 1 जून को सार्वजनिक अवकाश रहेगा। भोपाल में कन्वेशन सेंटर बनाया जाएगा। तालाब के ऊपर से रोप-वे चलाने की व्यवस्था की जाएगी। भोपाल में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का क्रिकेट स्टेडियम बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि भोपाल को दुनिया के शहरों में नम्बर एक बनाने के लिए सभी संकल्प लें।

मुख्यमंत्री चौहान मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में भोपाल गौरव दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग, सांसद वी.डी. शर्मा, सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर, विधायक रामेश्वर शर्मा, श्रीमती कृष्णा गौर, महापौर श्रीमती मालती राय, पूर्व महापौर आलोक शर्मा तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे। कार्यक्रम में भोपाल विलीनीकरण आंदोलन में भाग लेने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवारजन का सम्मान किया गया।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि रानी कमलापति ने अपने स्वाभिमान और नारी सम्मान के लिए छोटे तालाब में समाधि ले ली थी। बच्चों को इतिहास से अवगत कराने के लिए हबीबगंज रेल्वे स्टेशन का नाम बदलकर रानी कमलापति कर दिया है। इसी तरह इस्लामनगर का नाम जगदीशपुर कर दिया गया है। हमारा भोपाल हिन्दुस्तान में स्वच्छतम राजधानी है। स्वच्छता में भोपाल को नम्बर एक बनाना है। इसमें आप सभी का सहयोग जरूरी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भोपाल में नशे का अपराधिक कृत्य नहीं चलने देंगे। भोपाल का इतिहास बहुत गौरवशाली है। राजाभोज सुशासन के सूत्र थे। हमारे प्राचीन इतिहास, परम्परा और जीवन मूल्यों को कुचलने का प्रयास किया गया है। भोपाल का विकास आगे बढ़ा है। इसे और आगे बढ़ाना है। भोपाल को स्वच्छता में नम्बर एक पर भी लाना है। कार्यक्रम में भोपाल शहर की ऐतिहासिक और पुरात्विक विरासत और विकास पर आधारित लेजर-शो का प्रदर्शन हुआ। कार्यक्रम में हास्य कलाकार कृष्णा अभिषेक, सुरेश, गीतकार मनोज मुंतशिर शुक्ला और गायिका श्रेया घोषाल ने मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों का दिल जीत लिया।

## महाराष्ट्र बोर्ड 10वीं का रिजल्ट जारी, 93.83 फीसदी परीक्षार्थी हुए पास



**मुंबई।** महाराष्ट्र स्टेट बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एंड हायर सेकेंडरी एजुकेशन ने 10वीं बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया है। नतीजे आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किए गए हैं। इस साल महाराष्ट एसएससी 10वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में 93.83 फीसदी परीक्षार्थी पास हुए। एसएससी परीक्षा 2 मार्च से शुरू होकर 25 मार्च 2023 तक चली थी। एग्जाम के लिए करीब 15 लाख से अधिक स्टूडेंट्स ने पंजीकरण कराया था। छात्रों को महाराष्ट्र बोर्ड 10वीं रिजल्ट 2023 को चेक करने के लिए रोल नंबर और मां का नाम दर्ज करना होगा। इस साल महाराष्ट बोर्ड ने 10वीं की परीक्षा 2 मार्च से 25 मार्च तक आयोजित की थी। लगभग 15 लाख छात्रों ने एसएससी परीक्षा दी, जबकि 14 लाख छात्रों ने एचएससी बोर्ड की परीक्षा दी थी। इनमें से 93.83 फीसदी छात्र सफल रहे हैं।

## मप्र में नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचंड की भव्य अगवानी, महाकाल के दर्शन किए

# स्वागत से अभिभूत हूं: प्रचंड, भारत-नेपाल दो शरीर, सांस्कृतिक रूप से एक: शिवराज







**भोपाल।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दहल प्रचंड शुक्रवार सुबह 11 बजे विशेष विमान से इंदौर पहुंचे। एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान व जनप्रतिनिधियों ने उनकी अगवानी की। यहां प्रचंड ने सीएम शिवराज से कहा कि आपसे मिलकर लग ही नहीं रहा है हम पहली बार मिल रहे हैं। स्वागत से बहुत अभिभूत हूं। प्रचंड अपनी बेटी गंगा दहल के साथ आए हैं।

सीएम शिवराज ने कहा कि भारत और नेपाल अत्यंत प्राचीन राष्ट्र हैं। भारत और नेपाल भले ही दो शरीर हों लेकिन सांस्कृतिक रूप से वे एक हैं। दोनों का सांस्कृतिक वैभव और संस्कार एक जैसे हैं। आपके आगमन से भारत और नेपाल के संबंध आने वाले दिनों में और भी प्रगाढ़ होंगे। इसके बाद इंदौर से नेपाल के पीएम और अन्य अतिथि उज्जैन रवाना हो गए। महाकाल दर्शन के साथ ही महाकाल लोक का भ्रमण करेंगे।

प्रचंड के साथ विदेश मंत्री नारायण प्रकाश सोद, वित्त मंत्री डॉ. प्रकाश शरन महत, ऊर्जा जल संसाधन मंत्री शक्ति बहादुर बासनेत, भौतिक व परिवहन मंत्री प्रकाश ज्वाला, वाणिज्य एवं आपूर्ति मंत्री रमेश रिजल, प्रधानमंत्री के सलाहकार हरिबोल प्रसाद, मुख्य सचिव शंकरदास बैरागी और नेपाल के विदेश सचिव भरतराज पौड्याल भी आए हैं। प्रचंड जैसे ही अन्य अतिथियों के साथ बाहर आए तो वहां निमाड़ के गणगौर और भगोरिया नृत्य की आकर्षक व उल्लासपूर्ण प्रस्तुति के साथ अतिथियों का स्वागत किया गया। यह देख वे काफी अभिभूत हुए।

## मप्र में 15 दिन के लिए हटेगी तबादलों पर रोक

### कैबिनेट में आएगा नई तबादला नीति का प्रस्ताव



**भोपाल।** मध्यप्रदेश में अगले हफ्ते होने वाली कैबिनेट में नई तबादला नीति का प्रारूप आ सकता है। बताया गया है कि 15 दिन के लिए तबादलों पर रोक हटा ली जाएगी।

मध्यप्रदेश में तबादलों पर लगी रोक अगले सप्ताह से हट सकती है। माना जा रहा है कि अगले सप्ताह होने वाली कैबिनेट की बैठक में नई तबादला नीति का प्रारूप सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा पेश किया जा सकता है। कैबिनेट में तबादला नीति पर स्वीकृति की मुहर लगते ही तबादलों पर लगी रोक भी कम से कम 15 दिन के लिए हटा ली जाएगी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सामान्य प्रशासन विभाग ने मंत्रियों के सुझाव के बाद नई नीति में कुछ मामलों में बदलाव किए हैं। अब नए सिरे से कैबिनेट में प्रस्ताव पेश किया जाएगा।

बताया गया है कि पिछली कैबिनेट में इस मामले पर मंत्रियों की मुख्यमंत्री से चर्चा हो चुकी है और सभी मंत्रियों ने तबादलों पर लगी रोक हटाने का आग्रह किया था। मंत्री चाहते हैं कि चुनावी साल में वह अपने मनमाफिक कर्मचारियों को अपने हिसाब से तबादला कर सकें। वे मनपसंद स्थान पर उन्हें पदस्थ करना चाहते हैं। इसी तरह की तबादला नीति चाहते हैं ताकि उनका अधिकार क्षेत्र व्यापक रहे। मुख्यमंत्री ने मंत्रियों को उनके आग्रह पर विचार करने का भरोसा दिलाया था।अब मुख्यमंत्री ने इन सारे मामले में सहमति दे दी है और माना जा रहा है कि चुनावी वर्ष को देखते हुए मंत्रियों की मंशा के अनुसार तबादला नीति सामने सकती है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यह तबादला नीति अगली कैबिनेट में प्रस्तुत की जा सकती है।

## राहुल गांधी ने मुस्लिम लीग को बताया धर्मनिरपेक्ष पार्टी, भाजपा का पलटवार

**नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी अमेरिका की यात्रा पर हैं और वहां से उनके एक के बाद एक बयान जारी हो रहे हैं। ताजा बयान मुस्लिम लीग पर है। राहुल ने वॉशिंगटन में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान सवाल पूछे जाने पर कहा, मुस्लिम लीग पूरी तरह से धर्मनिरपेक्ष पार्टी है। मुस्लिम लीग के बारे में कुछ भी गैर-धर्मनिरपेक्ष नहीं है।**



राहुल गांधी से केरल में इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के साथ कांग्रेस के गठबंधन पर सवाल पूछा गया था। राहुल ने यह भी कहा कि जिस व्यक्ति ने यह सवाल पूछा है, उसने मुस्लिम लीग को पढ़ा ही नहीं है। भाजपा ने राहुल गांधी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस नेता को इतिहास ठीक से पढ़ लेना चाहिए। मुस्लिम लीग का सीधा संबंध जिन्ना से है। भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने ट्विटर पर लिखा, जिन्ना की मुस्लिम लीग, जो धार्मिक आधार पर भारत के विभाजन के लिए जिम्मेदार पार्टी है, राहुल गांधी के अनुसार एक धर्मनिरपेक्ष पार्टी है। राहुल गांधी को भले ही इतिहास की कम समझ हो, लेकिन विदेश में जाकर कपटी और कुटिल बातें करना ठीक नहीं।

### भारत में विपक्ष बहुत अच्छी तरह एकजुट: राहुल

इससे पहले कांग्रेस नेता ने गुरुवार को कहा कि भारत में विपक्ष काफी अच्छी तरह एकजुट है और जमीनी स्तर पर कई अच्छे काम हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश में एक छिपी हुई अंडरकरंट बन रही है और यह अगले आम चुनाव में लोगों को चकित कर देगी।

## हड़तालों का प्रदेश बनता जा रहा है मप्र: कमलनाथ



**भोपाल।** पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने आरोप लगाया है कि प्रदेश में मुख्यमंत्री तमाशेबाजी में व्यस्त हैं और पूरा प्रदेश हड़तालों का प्रदेश बनता जा रहा है। शिक्षकों और कर्मचारियों की हड़ताल के कारण प्रदेश की प्रमुख यूनिवर्सिटियों में परीक्षाएं स्थगित करनी पड़ी हैं। यह लाखों छात्रों के भविष्य के लिए शुभ संकेत नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में संविदा कर्मचारी, सरकारी कर्मचारी, अधिकारी, शिक्षक, चिकित्सक, नर्स और जो भी विभाग हैं, उन सब में आए दिन हड़ताल हो रही हैं। इन हड़तालों का मुख्य कारण शिवराज सरकार का कुशासन और कर्मचारी विरोधी रवैया है। पहले अधिकारी-कर्मचारियों से झूठे वादे कर देना और बाद में उन से मुकर जाना, शिवराज सरकार का नेचर और सिग्नेचर बन गया है। इस बदनीयत के कारण खरीद-फरोख्त की सरकार को जनता आप स्ट्रेचर पर लाने वाली है।

## हिजाब मामले में मुख्यमंत्री के सख्त और तीखे तेवर के बाद दमोह कलेक्टर ने की कार्यवाई

**भोपाल।** दमोह के गंगा जमुना स्कूल प्रबंधन ने ड्रेस से स्कार्फ, हिजाब का बंधन हटा दिया गया है। साथ ही लब पे आती है दुआ सरीखे गीत भी नहीं गाए जाएँगे। प्रातः क़ालीन प्रार्थना में अब केवल राष्ट्रगान जन गण मन होगा। कलेक्टर दमोह मयंक अग्रवाल ने कहा मुख्यमंत्री के सख्त निर्देश पर स्कूल मामले में गठित समिति द्वारा जांच जारी रहेगी कि ये सब किन परिस्थितियों में हुआ। मुख्यमंत्री




शिवराज सिंह चौहान ने कलेक्टर को शीघ्र जांच के निर्देश दिए थे।

दमोह के फुटेरा वार्ड नंबर स्थित गंगा जमुना हायर सेकेंडरी स्कूल में टाप करने वाली छात्राओं के पोस्टर लगाए गए थे जिसमें कुछ हिंदू छात्राओं को भी हिजाब पहने दिखाया गया था। स्कूल पर हिंदू संगठनों ने मंतातरण के आरोप लगाए थे।पोस्टर में हिजाब की तरह कपड़ा बांधे 4 हिंदू छात्राओं की फोटो होने को लेकर विवाद शुरू हुआ था। जिस पर राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने भी ट्वीट कर इस मामले में प्रशासन को जांच के निर्देश दिए थे। जिसके बाद गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने भी इस मामले में कलेक्टर को जांच के निर्देश दिए जाने के बाद लगातार ही इस मामले में जांच प्रारंभ कर दी गई थी। कलेक्टर मयंक अग्रवाल का कहना है कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जांच के निर्देश दिए थे।

## पीएम स्वनिधि योजना में एमपी फिर अव्वल, दिल्ली में हुआ सम्मान

**भोपाल।** स्वनिधि दिवस के अवसर पर पीएम स्वनिधि योजना में सबसे अच्छे कार्य के लिए मध्यप्रदेश नगरीय विकास और आवास विभाग को आज दिल्ली में केन्द्रीय आवासन और शहरी विकास मंत्री हरदीप पुरी ने सम्मानित किया। मध्यप्रदेश की ओर से अपर आयुक्त अवधेश शर्मा ने केन्द्रीय मंत्री से यह पुरस्कार गृहण किया।

कोरोना काल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम स्वनिधि योजना शुरु की थी। तब से ही मध्यप्रदेश इस योजना में लगातार बेहतर काम कर नंबर वन पर बना हुआ है। मध्यप्रदेश में इस योजना के तहत हाथ ठेला, फेरीवालों और पथविक्रेताओं को दस हजार, बीस हजार और अधिक राशि का बिना ब्याज का बैंक कर्ज उपलब्ध कराया गया है। इससे हाथठेले वालों और फेरीवालों का जीवन आसान हुआ है। उन्हें और अधिक बेहतर काम करने और कमाई करने के अवसर प्राप्त हुए है।




भोपाल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नौ साल पर प्रदेश भाजपा कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ नेता विनय सहस्त्रबुद्धे, प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी, सांसद प्रज्ञा ठाकुर, विधायक रामेश्वर शर्मा, जिला अध्यक्ष सुमित पचौरी आदि ने प्रकाशित पुस्तिका का विमोचन किया।

# बृजभूषण ने अयोध्या महारैली रद्द की

**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने अयोध्या में 5 जून को होने वाली महारैली कैंसिल कर दी है। बृजभूषण ने महिला पहलवानों के आरोप सामने आने के बाद यह फैसला किया। बृजभूषण के खिलाफ दो एफआईआर की गई हैं। पहली एफआईआर बालिग पहलवानों के आरोपों से जुड़ी है और दूसरी नाबालिग रेसलर्स के आरोपों पर आधारित है।

भाजपा सांसद और भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ दर्ज दो एफआईआर का ब्योरा सामने आया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दोनों एफआईआर



में यौन शोषण के आरोप हैं। दिल्ली के कनॉट प्लेस थाने में 28 अप्रैल को ये दोनों एफआईआर दर्ज हुई थीं। जिसमें पहलवानों ने गलत तरीके से छूना, बहाने से सीने पर हाथ फेरने के अलावा और भी

- **एफआईआर में आरोप- महिला पहलवानों के सीने पर हाथ फेरा, संबंध बनाने को कहा; कमरे में भी बुलाया था**

कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

पहली एफआईआर में छह बालिग रेसलर्स ने आरोप लगाया है कि सांसद बृजभूषण ने उन्हें गलत तरीके से छुआ। बहाने से सीने पर हाथ रखने की कोशिश की। यहां तक कि सांस को चेक करने के बहाने से उनकी टी-शर्ट भी उतारी। एक जख्मी महिला खिलाड़ी का खर्च कुश्ती संघ द्वारा उठाने को लेकर संबंध बनाने की डिमांड भी की। आरोप है कि जब खिलाड़ी ने इससे इनकार कर दिया तो उनके साथ ट्रायल में भेदभाव किया गया। वहीं दूसरी एफआईआर में एक नाबालिग रेसलर ने बहाने से कमरे में बुलाकर अश्लील हरकत करने का आरोप लगाया है, लेकिन अपनी सूझ-बूझ वह बच निकली। बृजभूषण के खिलाफ धारा 354, 354 ए, 354 डी, और धारा 34 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## लॉ कमीशन ने कहा- देशद्रोह कानून जरूरी

**नई दिल्ली।** 152 साल पुराने देशद्रोह कानून को लेकर लॉ कमीशन ने सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। आयोग का कहना है, भारतीय दंड संहिता की धारा 124ए को आईपीसी में बनाए रखने की आवश्यकता है। इसको हटाने का कोई वैलिड रीजन नहीं है। हालांकि, कानून के उपयोग को लेकर ज्यादा स्पष्टता बनी रहे इसके लिए कुछ संशोधन किए जा सकते हैं।



सुप्रीम कोर्ट ने 2022 में अंग्रेजों के जमाने से चले आ रहे देशद्रोह कानून को स्थगित कर दिया था। कोर्ट ने तब आदेश दिया था कि जब तक आईपीसी की धारा 124-ए की री-एग्जामिन प्रोसेस पूरी नहीं हो जाती, तब तक इसके तहत कोई मामला दर्ज नहीं होगा। सरकार को सौंपी रिपोर्ट में लॉ कमीशन ने कहा, हम सिफारिश करते हैं कि धारा 124ए के तहत देने वाली सजा को आईपीसी के आर्टिकल वीआई के तहत अन्य अपराधों के साथ समानता में लाया जाए। इसके अलावा, देशद्राह कानून के दुरुपयोग के संबंध में विचारों को ध्यान में रखते हुए, आयोग ने सिफारिश की कि इसे रोकने के लिए केंद्र सरकार द्वारा आवश्यक दिशानिर्देश जारी किए जाएं।

## राज्यपाल ने संजीवनी क्लीनिक में स्वास्थ्य शिविर का अवलोकन किया



**भोपाल** । राज्यपाल मंगुभाई पटेल आज अपने जन्म-दिवस के शुभ प्रसंग में वार्ड क्रमांक 24 रोशनपुरा स्थित संजीवनी क्लीनिक पहुँचे और निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का अवलोकन किया। क्लीनिक में बच्चों, उनके माता-पिता के साथ जन्म-दिवस की खुशियाँ मनाई। बच्चों के साथ केक काट कर अपने हाथ से बच्चों को खिलाया।

राज्यपाल पटेल ने संजीवनी क्लीनिक में बच्चों को फलों की टोकरी भेंट की और मिष्ठान का वितरण किया। राज्यपाल ने वार्ड की आशा कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया। उन्होंने क्लीनिक में पंजीयन, जाँच और परामर्श सेवाओं की समीक्षा की और चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ और रोगियों के साथ अनौपचारिक चर्चा की। राज्यपाल श्री पटेल का क्लीनिक में चिकित्सकों द्वारा पौधा और अंग-वस्त्र भेंट कर स्वागत किया गया।

राज्यपाल के उप सचिव श्री स्वरोचिष सोमवंशी, भोपाल के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर तिवारी, राज्यपाल के चिकित्सक डॉ. बी. के. श्रीवास्तव, डॉ संगीता जैन, संजीवनी क्लीनिक के चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ, आशा कार्यकर्ता और नागरिक मौजूद थे।

# महिला सम्मेलनों में होगा लाड़ली बहना योजना के स्वीकृति-पत्रों का वितरण

### मुख्यमंत्री बहनों के घर जाकर भी देंगे स्वीकृति-पत्र, आगामी सप्ताह में होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा

**भोपाल** । मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में आगामी सप्ताह होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों की जानकारी प्राप्त कर निर्देश दिए। इन कार्यक्रमों में प्रमुख रूप से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के स्वीकृति-पत्र वितरित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान कुछ बहनों को उनके निवास पर जाकर स्वीकृति-पत्र प्रदान करेंगे।मुख्यमंत्री श्री चौहान ने 3 जून को बालाघाट, 5 जून को झाबुआ और 7 जून को रायसेन जिले के बम्होरी में होने वाले महिला सम्मेलन एवं भू-अधिकार पत्र वितरण कार्यक्रम की रूपरेखा की जानकारी प्राप्त की। इन जिलों के कलेक्टर्स ने लाड़ली बहना योजना में स्वीकृति-पत्रों के वितरण कार्य के लिए की गई तैयारियों की जानकारी दी। जिलों में विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण और शिलान्यास भी होंगे।

### कोलगढ़ी पुनर्निर्माण का शिलान्यास 9 जून को

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने रीवा जिले में कोलगढ़ी, त्यौंथर में 9 जून को सवा 3 करोड़ रूपए की लागत से कोलगढ़ी पुनर्निर्माण परियोजना के शिलान्यास कार्यक्रम की तैयारियों की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में हितग्राहियों को स्वामित्व एवं अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ दिलवाने के साथ ही कोल जनजाति के हितग्राहियों को भूमि आवंटन और भवन निर्माण के लिए स्वीकृत-पत्र प्रदाय किए जाएंगे। मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री के निर्देश पर अनन्या को मिली सहायता राशि

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा अजयगढ़ क्षेत्र की बेटी कु. अनन्या जाटव को सहायता राशि प्रदान की गई है। गत दिनों मुख्यमंत्री श्री चौहान के पन्ना प्रवास के दौरान अनन्या को 6 माह से सहायता राशि का भुगतान नहीं होने का मामला संज्ञान में आया था। निजी स्पॉसरशिप योजना में देख-रेख और संरक्षण की आवश्यकता वाले निराश्रित बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पालन-पोषण के लिए मिलने वाली सहायता राशि के संबंध में कलेक्टर श्री संजय कुमार मिश्र ने तत्परता से कार्यवाही कर बिटिया के बैंक खाते में सहायता राशि जमा करवाई। इसके अलावा एनएमडीसी और जेके सीमेंट से अनन्या सहित 48 बच्चों के बैंक खाते में भी 12 हजार रूपए प्रतिमाह के मान से 5 लाख 76 हजार रूपए की राशि जमा करवाई गई है।



## भोपाल के पलाश रेसीडेंसी समेत 12 होटलो ने जीते अंतर्राष्ट्रीय अवॉर्ड

भोपाल। ट्रिप एडवाइजर यूएस ( यूनाइटेड स्टेट ऑफ अमेरिका ) के ट्रेवलर्स च्वाइस अवॉर्ड-2023 में मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम की 12 होटलों ने ट्रिप एडवाइजर्स एनुअल ट्रेवलर्स च्वाइस अवॉर्ड जीते हैं। इनमें भोपाल की पलाश रेसीडेंसी भी शामिल हैं।

एमपीटी के प्रबंध संचालक कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि पलाश रेसीडेंसी भोपाल, बघीरा जंगल रिसॉर्ट मोचा, बायसन रिसॉर्ट मढ़ई, कलचुरी रेसीडेंसी जबलपुर, रॉक एंड मनोर पचमढ़ी, चंपक बंगलो पचमढ़ी, ग्लेन व्यू पचमढ़ी, होटल अमलतास पचमढ़ी, शीशमहल ओरछा, व्हाइट टाइगर फॉरेस्ट लॉज बांधवगढ़ एवं तानसेन रेसीडेंसी ग्वालियर को अवॉर्ड मिले हैं। वहीं निगम की ओरछा स्थित इकाई बेतवा रिट्रीट ने संस्था का बेस्ट ऑफ बेस्ट अवार्ड 2023 जीता है। ट्रिप एडवाइजर कंपनी पूरे विश्व में विभिन्न स्थानों पर गए पर्यटकों से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर मूल्यांकन कर हर वर्ष यह अवॉर्ड प्रदान करती है।

## मंडल से गुजरने वाली तीन जोड़ी ट्रेनों में इकोनॉमी थर्ड एसी का एक-एक कोच स्थायी रुप से बढ़ाया

**भोपाल** । रेल प्रशासन द्वारा अतिरिक्त यातायात क्लियर करने एवं यात्रियों की सुविधा के लिए आवश्यकतानुसार ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाए जाते रहे हैं। इसी कड़ी में भोपाल मंडल से गुजरने वाली तीन जोड़ी ट्रेनों में इकोनॉमी थर्ड एसी का एक कोच स्थायी रूप से लगाने का निर्णय लिया गया है। इकोनॉमी श्रेणी का कोच गाड़ी संख्या 22192 जबलपुर-इंदौर एक्सप्रेस में जबलपुर से 24 जून 2023 से तथा गाड़ी संख्या 22191 इंदौर-जबलपुर एक्सप्रेस में इंदौर से 25 जून 2023 से लगने लगेगा। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 11464 जबलपुर-वेरावल सोमनाथ एक्सप्रेस में जबलपुर से 21 जून 2023 से तथा गाड़ी संख्या 11463 वेरावल-जबलपुर सोमनाथ एक्सप्रेस में वेरावल से 23 जून 2023 से लगने लगेगा। इसके अतिरिक्त गाड़ी संख्या 11466 जबलपुर-वेरावल सोमनाथ एक्सप्रेस में जबलपुर से 26 जून 2023 से तथा गाड़ी संख्या 11465 वेरावल-जबलपुर सोमनाथ एक्सप्रेस में वेरावल से 26 जून 2023 से लगने लगेगा। इन गाड़ियों में वातानुकूलित तृतीय श्रेणी का एक इकोनॉमी कोच बढ़ जाने से 80 सीट/बर्थ की अतिरिक्त सुविधा मिलने लगेगी।

## मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बाढ़ से बचाव संबंधी उच्च स्तरीय समिति की हुई बैठक

भोपाल । मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस ने कहा है कि वर्षाकाल में अतिवृष्टि एवं बाढ़ से निपटने के लिए सभी विभाग तत्परता और सतर्कता के साथ अपनी तैयारियाँ रखे। राज्य आपदा प्रबंधन कार्य-योजना को अद्यतन कर सभी बाढ़ उन्मुख जिलों की सूची तैयार करने एवं बाढ़ नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबरों का प्रचार-प्रसार किया जाये। निर्धारित समय एवं स्थल पर मीडिया को बाढ़ की स्थिति एवं इससे बचाव हेतु किये जा रहे कार्यों की जानकारी भी दी जाये।

मुख्य सचिव ने जिला कलेक्टर्स को बाढ़ प्रभावितों को पुनर्वासित करने की दृष्टि से वैकल्पिक आश्रय स्थल की व्यवस्था में स्कूल, धर्मशाला आदि को चिन्हांकित करने एवं उसकी सूची राहत आयुक्त कार्यालय एवं स्टेट कमाण्ड एण्ड कंट्रोल सेंटर, मंत्रालय स्थित सिचुएशन रूम को भेजने के निर्देश दिये।सचिव राजस्व ने राज्य की भौगोलिक संरचना, जलवायु एवं पूर्व में घटित आपदाओं बाढ़ उन्मुख जिले, बाढ़ संभावित राजमार्गों, प्रमुख नदी नालों की जानकारी दी। आगामी मानसून काल 2023 के वर्षा संबंधी पूर्वानुमानों से समिति को अवगत कराया गया। प्रमुख सचिव राजस्व ने बताया कि विगत वर्षों में आकाशीय बिजली से जनहानि के मामलों में वृद्धि हुई है। मुख्य सचिव ने आकाशीय बिजली से जनहानि के मामलों में राहत राशि प्रकरणों की स्वीकृति हेतु संशोधित परिपत्र शीघ्र जारी करने के निर्देश दिये। उच्चस्तरीय समिति की बैठक में मुख्य सचिव ने बाढ़ राहत के संबंध में विभागों के उत्तरदायित्व का निर्धारण किया।राजस्व विभाग द्वारा संवेदनशील क्षेत्रों का आकलन, बाढ़ उन्मुख नदियों, बड़े बांधों की सूची, बाढ़ के मुख्य कारण, प्रचार-प्रसार की प्रणाली, आपातकालीन कार्यवाहियाँ, उपलब्ध उपकरणों की मरम्मत कराना, नवीन उपकरणों के क्रय की जानकारी, जनशक्ति तथा खोज एवं बचाव दलों का प्रशिक्षण, जन-जागृति अभियान, नोडल अधिकारियों का नामांकन, आपदा नियंत्रण केन्द्र स्थापित करना, बाढ़ बचाव सामग्री का पूर्व अनुबंध एवं त्वरित क्षति आकलन का उत्तर दायित्व निर्वहन किया जायेगा।

## भोपाल मंडल को 02 माह में टिकट चेकिंग से रुपये 5.04 करोड़ की कमाई हुई




**भोपाल ( नप्र)**। मण्डल रेल प्रबंधक श्री सौरभ बंदोपाध्याय के कुशल मार्गदर्शन में, वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक श्रीमती रश्मि बघेल के नेतृत्व में भोपाल मण्डल में वित्तीय वर्ष 2023-24 के पहले 02 माह (अप्रैल एवं मई 2023 ) में टिकट चेकिंग कर्मचारियों द्वारा बिना टिकट/अनुचित टिकट एवं बिना बुक कराए सामान लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों की सघन टिकट जांच के दौरान बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों के 46432 मामले पकड़े गए, जिनसे किराया एवं बतौर जुर्माना सहित रुपये 3,50,03,495/- वसूल किया गया। अनियमित टिकट यात्रियों के 28787 मामले पकड़े गए, जिनसे किराया एवं बतौर जुर्माना सहित रुपये 1,53,68,440/- वसूल किया गया। इसी प्रकार बिना बुक कराए सामान के साथ यात्रा करने के 198 मामले पकड़े गए, जिनसे रुपये 66503/- वसूला गया।

इस प्रकार चालू वित्तीय वर्ष के 02 माह (अप्रैल एवं मई 2023 ) की अवधि में बिना टिकट, अनियमित टिकट एवं बिना बुक कराए सामान लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों के कुल 75417 मामले पकड़े गए, जिनसे कुल रुपये 5,04,38,438/- का रेल राजस्व प्राप्त हुआ।

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक श्रीमती रश्मि बघेल नें यात्रियों से अपील की है कि उचित टिकट लेकर ही यात्रा करें, प्रतिक्षा सूची ई-टिकट पर यात्रा करने की अनुमति नहीं है। इसी प्रकार प्लेटफॉर्म टिकट भी यात्रा के लिए अनुमत नहीं है। अतः प्रतीक्षा सूची ई-टिकट अथवा प्लेटफॉर्म टिकट लेकर यात्रा न करें। स्टेशन प्लेटफॉर्म पर प्रवेश के लिए यात्रा टिकट या प्लेटफॉर्म टिकट होना आवश्यक है। यात्रा से पूर्व अपने सामान को बुक कराएं, ताकि यात्रा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## एक जिला-एक उत्पाद योजना की मॉनीटरिंग के लिये समिति गठित

भोपाल ( नप्र )।प्रदेश में एक जिला-एक उत्पाद एवं मूल्य संवर्धन योजना की मॉनीटरिंग के लिये कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय समिति गठित की गई है।समिति के अन्य सदस्यों में अपर सचिव एवं प्रमुख सचिव उद्योग नीति एवं निवेश प्रोत्साहन, अपर मुख्य सचिव वित्त, प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन (मण्डी बोर्ड), संचालक कृषि अभियांत्रिकी को शामिल किया गया है। समिति के सदस्य सचिव संचालक किसान-कल्याण तथा कृषि विकास होंगे।

## जिला स्तर पर मॉनीटरिंग के लिये समिति

जिला स्तर पर एक जिला-एक उत्पाद योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिये कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति गठित होगी। समिति के सदस्य सचिव उप संचालक किसान-कल्याण तथा कृषि विकास होंगे। अन्य सदस्यों में परियोजना संचालक ( आत्मा ), महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, सहायक कृषि यंत्री और जिला मुख्यालय स्तर पर सचिव मण्डी समिति को शामिल किया गया है।

## खेल मंत्री श्रीमती सिंधिया ने किया शॉटगन के नये रेंज का उद्घाटन

**भोपाल** । खेल और युवा कल्याण मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया ने गुरूवार को बिशनखेड़ी स्थित मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी में नव-निर्मित शॉटगन रेंज का उद्घाटन किया। 32 एकड़ में फैली शूटिंग अकादमी में लगभग 10 एकड़ में निर्मित इस नये शॉटगन रेंज में 5 रेंज बनाये गये हैं, जिसमें फाइनल रेंज, दो प्रशासकीय भवन और पवेलियन शामिल है।

मंत्री श्रीमती सिंधिया ने कहा कि नया शॉटगन रेंज हमारे लिये एक और उपलब्धि है। अब हम इस रेंज में शॉटगन वर्ल्ड कप का आयोजन भी कर सकते हैं। इसी कड़ी में नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इण्डिया 11 से 18 जून तक शॉटगन के सिलेक्शन ट्रॉयल आयोजित कर रहा है।

श्रीमती सिंधिया ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में मध्यप्रदेश एक स्पोर्ट्स हब बनता जा रहा है। मध्यप्रदेश में हम वर्ल्ड खेल क्लास अधो-संरचना और अत्याधुनिक खेल सुविधाएँ अपने खिलाड़ियों को प्रदान करते हैं। प्रदेश में अब अंतर्राष्ट्रीय स्तर के आयोजन भी सफलतापूर्वक किये जा रहे हैं। हमारा लक्ष्य अंतर्राष्ट्रीय पटल पर मध्यप्रदेश को गौरव दिलाना है।




### बॉक्सिंग अकादमी की समीक्षा

खेल मंत्री श्रीमती सिंधिया ने मध्यप्रदेश राज्य बॉक्सिंग अकादमी की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही अकादमी के लिये टेलेंट सर्च करें। सी केटेगरी के बॉक्सर को वीड ऑउट करें। बॉक्सर्स की स्टेमिना को और बढ़ाने के लिये उन्हें एथलेटिक्स ग्राउण्ड में दौड़ायें और उनके एन्डयूरेंस लेवल को बढ़ायें। इस अवसर पर संचालक खेल और युवा कल्याण श्री रवि कुमार गुप्ता तथा अकादमी के प्रशिक्षक, स्पोर्ट्स साइंस के डॉक्टर, फिजियोथेरेपिस्ट आदि मौजूद थे।

## पीएम स्वनिधि योजना में उल्लेखनीय कार्य हेतु मध्यप्रदेश सम्मानित



भोपाल ( नप्र)। केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी ने गुरूवार को नई दिल्ली में पीएम स्वनिधि योजना में उल्लेखनीय कार्य करने पर मध्यप्रदेश को सम्मानित किया है। अपर आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास श्री अवधेश शर्मा ने सम्मान प्राप्त किया। इस दौरान सचिव आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय श्री मनोज जोशी भी उपस्थित थे।

गौरतलब है कि पीएम स्वनिधि योजना में मध्यप्रदेश देश में नंबर एक पर है। मध्यप्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के मार्गदर्शन में नगरीय विकास की सभी योजनाओं में उल्लेखनीय कार्य हो रहा है। इस उपलब्धि पर विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों की सराहना की है।

### पीएम स्वनिधि योजना में प्रगति 109 प्रतिशत

मध्यप्रदेश में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में कुल 7 लाख 31 हजार 517 प्रकरण स्वीकृत हो चुके हैं। इनमें से राज्य को आवंटित लक्ष्य 6 लाख 48 हजार 850 के विरूद्ध 7 लाख 8 हजार 894 प्रकरणों में ऋण वितरित किया जा चुका है। योजना में प्रगति का प्रतिशत 109.25 है।

# परिवर्तन समय की मांग है : श्रद्धेय संत सिद्ध भाऊ





संत हिरदाराम नगर । परमहंस संत शिरोमणि संत हिरदाराम साहिब जी के आशीर्वाद एवं हमारे प्रेरणा स्त्रोत एवं मार्गदर्शक श्रद्धेय संत सिद्ध भाऊजी के कुशल मार्गदर्शन में संचालित एलवीएस एज्यूकेशनल सोसाइटी के विद्यालयों में आयोजित ग्रीष्मकालीन समर कैम्प 2023 बाल मेले का एलवीएस स्कूल के सभागार में समापन समारोह का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती एवं स्वामी जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रद्धेय संत सिद्ध भाऊजी का शाला सचिव रमेश हिंगोरानी, संचालक योगेश हिंगोरानी, प्रशासनिक अधिकारी नीलेश हिंगोरानी एवं तीनों विद्यालय के प्राचार्य ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में समर कैम्प मे शामिल लगभग 250 बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन में सिमरन वाधवानी ने बताया कि इस कैम्प में विभिन्न विधाएं जैसे कंप्यूटर क्लासेस, इंग्लिश स्पोकन, मेहंदी, आर्ट एंड क्राफ्ट स्पोर्ट्स, कैलीग्राफी, संगीत, डांस आदि इस लघु अवधि में शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को सिखाया गया जिसमें अलग-अलग विद्यालयों से बच्चे आए और लाभान्वित हुए। बाल मेले में उम्मीद से बढ़कर सफलता मिली।

इस अवसर पर श्रद्धेय संत सिद्ध भाऊजी ने अपने आर्शीवचन में बताया कि समय के अनुसार परिवर्तन जरूरी है। मुझे यह देखकर बहुत प्रसन्नता हो रही है जहाँ बड़े-बड़े विद्यालयों में बाल मेले के नाम पर भारी भरकम फीस ली जा रही है वहीं एल.वी.एस. स्कूल में नाम मात्र शुल्क पर बाल मेले का आयोजन किया गया है। अंग्रेजी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि बच्चों को अंग्रेजी भाषा का ज्ञान होना आवश्यक है। आज जो भी उच्च शिक्षा की किताबें हैं वे सभी अंग्रेजी भाषा में है, अंग्रेजी भाषा के ज्ञान के बिना बच्चों को अपने लक्ष्य की प्राप्ति में बाधा उत्पन्न होती है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में शिक्षकगण अंग्रेजी भाषा में बात करें एवं यथासंभव बच्चों से अंग्रेजी में ही बात करें। उन्होंनें कहा कि आशा करता हूँ आगामी वर्षों में भी इसी तरह के मेले का आयोजन बढ़चढ़ कर किया जाए और मैं आकर बच्चों को पुरस्कृत करूं। कार्यक्रम में समर कैंप में विद्यार्थियों द्वारा अपनी कला का प्रदर्शन किया गया एवं रंगारंग प्रस्तुति दी गई। उक्त अवसर पर सभी समर कैंप के विद्यार्थियों को संस्था द्वारा प्रमाणपत्र एवं श्रद्धेय संत सिद्ध भाऊजी द्वारा पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। समिति द्वारा प्रशिक्षक शिक्षकों को शॉल श्रीफल एवं पुष्प गुच्छ देकर उनका सम्मान किया गया। उक्त कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का कुशल संचालन एवं आभार प्रदर्शन कु. सिमरन वाधवानी द्वारा किया गया। कार्यक्रम पूरी तरह गरिमामय और सफल रहा।



# भोपाल गौरव दिवस ....











# मेलोडी क्वीन श्रेया के सुरीले गीतों पर झूमा भोपाल

भोपाल। श्रेया घोषाल एक ऐसी मीठी आवाज है, जिसने अपनी आवाज के चलते कम उम्र में ही बहुत कुछ हासिल कर लिया। आज बालीवुड में श्रेया सुरों की रानी है। यही रानी की मधुर आवाज को सुनने का मौका गुरुवार को शहरवासियों को मिला। जिनका लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। गुलाबी गाउन के साथ मंच पर आकर जब श्रेया घोषाल ने अपनी मधुर आवाज में नजर जो तेरी लागी मैं दीवानी हो गई... गीत सुनाया, श्रोताओं की तालियों और सीटियों की आवाज से मोती लाल नेहरू स्टेडियम मैदान गूंज उठा। भोपाल गौरव दिवस के मौके पर आयोजित इस सांस्कृतिक संध्या में इस मीठी, पतली आवाज ने एक से बढ़कर बालीवुड के चर्चित गीत सुनाए। इस बंगाली बाला श्रेया को सुनने के लिए हजारों की संख्या में रात 12 बजे तक श्रोताओं की भीड़ लगी रही।

उन्होंने लोगों की फरमाइश पर दिल खो गया हो गया किसी का... सुनाया। इसी क्रम में बहारा बहारा हुआ है आज पहली बार... जब आया मेरा सजना मेरे देश... गाने को पेश किया। इसके बाद तेरा साजन आया तेरे देश..., रसिया जो तेरा तुझको सौंप दिया है...., तेरी ओर तेरी ओर हाय रब्बा..., धीरे धीरे नैनो को धीरे धीरे... गीत पेश किए।

### मनोज मुंतशिर ने सुनाया भोपालीनामा

समारोह के दौरान गीतकार मनोज मुंतशिर ने भोपालीनामा पेश किया। इस दौरान उन्होंने भोपाल के गौरव राजाभोज, रानी कमलापति से जुड़े कई अहम किस्सों को सुनाया। मनोज ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से भोपाल का नाम भोजपाल करने का आह्वान किया। उन्होंने जनता की सहमति लेते हुए कहा कि भोजपाल राजाभोज की नगरी है, दोस्त मो. खान और हमीदुल्ला जैसे लुटेरों ने इसका नाम भोपाल कर दिया था, लेकिन हम चाहते है कि इसका वैभव फिर से लौटाते हुए नाम भोजपाल किया जाए।

# कामेडी शो में लड़की के किरदार को एंजाय करते हैं कृष्णा, कामेडियन सुदेश ने भी सुनाए अनुभव

मैं कपिल शर्मा शो नहीं कर रहा था, लेकिन दर्शकों ने मुझे बुलाया और इस बार सपना के किरदार में रूप में कुछ अलग ही अंदाज में शो में आया हूं। जो लोगों के लिए कामेडी का अलग ही तड़का है। यह कहना है कामेडियन कृष्णा अभिषेक का। वे भोपाल गौरव दिवस पर हुए कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देने पहुंचे थे। उनके साथ स्टैंडअप कामेडियन सुदेश लहरी भी थे, जिन्होंने मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में लोगों को खूब गुदगुदाया। इस मौके पर उन्होंने बताया कि आने वाले समय में मेरी एक फिल्म आ रही है जिसमें आधी फिल्म में मैं लड़की के रोल में ही हूं। मेरे साथ श्रेयस तलपड़े और कीकू भी हैं। कृष्णा ने बताया कि जब भी मैं लड़की या किसी अन्य किरदार को निभाता हूं तो खुद ही उस किरदार को एंजाय करता हूं।

उन्होंने कहा कि शनिवार और रविवार को मैं इंटरनेट मीडिया के माध्यम से आडियंस के बीच आता हूं। वहां कामेडी के जरिए पर्सनल बातों को भी शेयर करता हूं। इसी से मेरी इंटरनेट मीडिया पर एक्टिवनेस बढ़ती है। कभी-कभार बच्चों की और कश्मीरा की फोटो जरूर शेयर करता रहता हूं। उन्होंने कश्मीरा और अपने बारे में कहा कि हम अपने परिवार में काफी एंजाय करते हैं। वह हंसते हुए कहते हैं कि मेरा तो यह मानना है कि कश्मीर का मुद्दा जरूर हल हो सकता है, लेकिन कश्मीरा का नहीं।

**जो किरदार निभाता हूं, उसमें ही रम जाता हूं**

कृष्णा बताते हैं कि मैं जो भी किरदार निभाता हूं उसमें ही रम जाता हूं। देश के स्थानों को फेमस कराने के लिए कृष्णा का नाम सबसे पहले आता है। उन्होंने नालासोपारा या साकीनाका जैसे नामों से खूब गुदगुदाया है। उन्होंने बताया कि नालासोपारा इनता प्रचलित हो गया कि वहां चुनाव हुए और नेताओं ने मुझसे वहां बुलाया लेकिन मैं वहां नहीं गया। कामेडी में मेहनत लगती है। सुदेश और मैं स्क्रिप्ट लिखते हैं।

यह पूरा स्टेट मामा की वजह से है

उन्होंने सुदेश के साथ अपने अंदाज से भोपालवासियों को खूब हंसाया। सुदेश ने कहा कि तू तो सिर्फ अपने मामा की वजह से ही टिका हुआ है और इस पर कृष्णा ने पंच दिया यह पूरा स्टेट ही मामा की वजह से है....। उन्होंने बताया कि भोपाल मुझे काफी पसंद है और बहुत साल पहले भोजपुरी फिल्म की शूटिंग के लिए यहां आया था। इंदौर में काफी आता-जाता रहता हूं।

**रोजमर्रा की चीजों के लिए तरसा, कभी स्कूल नहीं गया - सुदेश लहरी**

इधर, सुदेश लहरी ने बताया कि जोड़ियां ऊपर से बनकर आती हैं लेकिन कृष्णा और



मेरी जोड़ी धरती पर बनी है। इससे पहले मेरी जोड़ी दिलीप जोशी के साथ थी। वे बताते हैं कि एक चाय बेचने वाले शख्स से कामेडी किंग कहलाने का सफर आसान नहीं रहा। जीवन में रोजमर्रा की चीजों के लिए भी तरसा। चाय की दुकान में काम किया। अपनी जिंदगी में कभी स्कूल नहीं गया। मुझे फिल्में देखने का शौक था। लाइन में खड़े लोगों से दस-दस पैसे लेकर फिल्म देखता था। मैंने आर्केस्ट्रा में भी काम किया है और जमीं से उठकर आगे तक पहुंचा हूं। जीवन में काफी स्ट्रगल किया और फिर जब मंच मिला तो मैंने मिमिक्री से शुरुआत की। अलग- अलग आवाज निकालता था और बीच-बीच में कुछ गाने भी गा लेता था लेकिन मुझे लगा कि लोगों को मेरी कामेडी पसंद आ रही है इसलिए इसी में रम गया।

**कलाकार ऐसी कामेडी करें, जिसे परिवार वाले भी सुन सकें**

उन्होंने बताया कि अब हीरो के साथ कामेडियन का साइड रोल रह गया है। अब तो कामेडियन को काफी पैसे मिलते हैं। जब लोग उसकी कामेडी को पसंद करते हैं तो वह प्रोडक्शन हाउस आपका पेमेंट भी बढ़ा देता है, यही चीज गायक के साथ है। उन्होंने बताया कि जिस प्रकार भजन गायन में भजन सम्राट अनूप जलोटा का नाम है, उसी प्रकार कामेडी फिल्म में भी कई ऐसे नामी कलाकार हैं, जिनका नाम है और जिन्होंने हमेशा साफ-सुथरी कामेडी ही की है, फिर वह जानी लीवर हो या फिर महमूद। उनका नाम सदा ही रहेगा कभी खत्म नहीं होगा। आज के कलाकारों को ऐसी कामेडी करनी चाहिए जिसे परिवार वाले सुन सकें।

# प्रधानमंत्री नीलकंठ हैं, वे तो कांग्रेस के अपशब्दों का विषपान कर लेते हैं: चौहान



**भोपाल।** मध्य प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कांतिलाल भूरिया द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तुलना हिटलर और सद्दाम हुसैन से किए जाने पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आपत्ति जताते हुए कहा कि कांग्रेस के लोग प्रधानमंत्री की लोकप्रियता से बुरी तरह बौखलाए हुए हैं। प्रधानमंत्री नीलकंठ हैं और कांग्रेस के अपशब्दों का विषपान कर लेते हैं। देश की जनता कांग्रेस के नेताओं को कभी माफ नहीं करेगी। कांग्रेस के लोग प्रधानमंत्री जी की लोकप्रियता से बुरी तरह बौखलाये हुए है और इस बौखलाहट में वह सामान्य शिष्टाचार भूल जाते हैं, प्रधानमंत्री पद की गरिमा भी भूल जाते हैं। आदिवासी विकास परिषद के कार्यक्रम में भूरिया ने भाजपा पर लोकतंत्र को समाप्त करने का आरोप लगाते हुए कहा था कि बस चले तो नरेन्द्र मोदी लोकतंत्र को समाप्त करके हिटलर और सद्दाम हुसैन बन जाएं। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के नेता बौखलाहट में सामान्य शिष्टाचार और प्रधानमंत्री पद की गरिमा भी भूल जाते हैं। मैदान में मुकाबला नहीं करते हैं और मन के भाव अपशब्दों में प्रकट हो रहे हैं लेकिन सूर्य पर अगर कोई धूल डालने की कोशिश करेगा तो वह उसी के चेहरे पर आकर गिरेगी। प्रधानमंत्री आज दुनिया में विकास व जनकल्याण के प्रतीक है। कांग्रेस विषकुंभ जैसी हो गई है।

## अमृतकाल कांग्रेस के त्याग तपस्या की देनः कमल नाथ



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ ने मुख्यमंत्री शिवराज के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आज देश आजादी का जो अमृत महोत्सव मना रहा है, उसके लिए कांग्रेस पार्टी के महान नेताओं और लाखों कार्यकर्ताओं ने अपना जीवन समर्पित किया है। अमृतकाल तब संभव हुआ जब कांग्रेसजनों ने त्याग-तपस्या की। कांग्रेस पार्टी को गालियां देकर आप आजादी के आंदोलन और कांग्रेस के महान नेताओं का अपमान कर रहे हैं। भोपाल रियासत के भारतीय संघ में विलय के पीछे भी देश के पूर्व राष्ट्पति और कांग्रेस के नेता डा. शंकर दयाल शर्मा का योगदान था। आपके शब्दों ने दिखा दिया कि राष्ट्र और राष्ट्र भक्तों के प्रति आपके मन में कोई सम्मान नहीं है।

# गर तथा ग्राम निवेश कर्मचारी कल्याण संघ की बैठक में समस्याओं पर चर्चा की गई



**भोपाल।** नगर तथा ग्राम निवेश कर्मचारी कल्याण संघ की बैठक गत दिवस संपन्न हुई। इस बैठक मे कर्मचारियों के अनेक प्रमुख मांगों, जैसे पदोन्नति, संविदा एवं दैनिक वेतन भोगी कर्मियों के नियमितीकरण, परामर्श दात्री की बैठक करवाने जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। इसमें आशीष तिवारी, अनिल नामपल्लीवार आदि मौजूद रहे। बैठक में बताया गया कि कर्मचारियों से संबंधित मुद्दों को लेकर बहुत जल्द एक प्रतिनिधिमंडल नगर ग्राम निवेश संचालक से भेंट कर उन्हें ज्ञापन सौंपेगा।

# एम्स के सामने गंदगी में बन रहा भोजन, संक्रमण का खतरा बढ़ा



भोपाल। राजधानी के एम्स के सामने ठेलों पर चलने वाली होटलों में सर्व सेव फूड की संस्कृति का जमकर उल?लंघन हो रहा है। इससे ग्राहकों को एम्स के सामने परोसे जाने वाला भोजन पूरी तरह से असुरक्षित है। पूरा दृश्य सामने होने के बाद भी खाद्य सुरक्षा अधिकारी कार्रवाई से बच रहे हैं। एम्स के ठीक सामने अस्वच्छता के माहौल में खाना बनाकर परोसा जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि अभी तक इन फूड बेंडरों ने खाद्य विभाग से ना तो पंजीयन कराया है, ना ही फूड लाइसेंस लिए है।

एम्स के आसपास वर्तमान में 140 से अधिक फूड बेंडर है। इनमें से लगभग सभी लोगों को स्वास्थ्य के लिए असुरक्षित खाद्य सामग्री परोस रहे हैं। नवदुनिया ने बाजार में अनहाइजीन स्ट्रीट वेडरों की कार्यप्रणाली को मौके पर जाकर देखा तो पाया कि वहां हैरान करने वाले हालात हैं। हालांकि इस पूरे मामले में खाद्य अधिकारी कार्रवाई करने की बात कर रहे हैं, लेकिन अब तक उनकी ओर से ऐसी कोई पहल नहीं की गई है।

ठेलों के पास पसरी गंदगी पसरी हुई थी। ठेले में खान-पान की दुकान लगाने वाले दुकानदारों ने दस्ताने, एप्रिन और सिर पर कैप पहनना तो दूर, उनके पहने हुए कपड़े भी काफी गंदे थे। यहां कई दिनों से जमा करके रखा गए पानी या गंदे बर्तन में रखे हुए पानी का इस्तेमाल भी देखा गया। इसके बाद भी यह स्ट्रीट फूड वेंडर खाद्य विभाग की पहुंच से दूर हैं। इसमें घातक बैक्टीरिया और वायरस हो सकते हैं। इनमें कई तरह की दूसरी अशुद्धियां भी हो सकती हैं, जिनके कारण डायरिया, कालरा और फूड पायजनिंग की समस्या हो सकती है।

स म्पा द की य

# बातचीत से ही हल होगा मणिपुर का मसला

पूर्वोत्तर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा मणिपुर दहल रहा है। लोग अपने भरे- पूरे घर छोड़कर दूसरे राज्यों के, दूसरे शहरों में, यहाँ- वहाँ रिश्तेदारों, पहचान वालों के पास शरण ले रहे हैं। हिंसा के चलते पूरा महीना बीत गया, लेकिन हिंसा रुकने का नाम नहीं ले रही है। सुरक्षा बलों को सख्ती से निपटने के आदेश देने के सिवाय सरकार और कुछ कर नहीं पा रही है। उलटे मुख्यमंत्री इस विवाद को उग्रवाद से जोड़ रहे हैं, जबकि सीडीएस कहते हैं कि ये जातीय विवाद है, उग्रवाद नहीं।

आखिर इस सवाल का जवाब क्यों नहीं खोजा जा रहा है कि विवाद की जड़ में मूल समस्या क्या है? और उसे कैसे हल किया जाए? कोई इन हिंसात्मक घटनाओं में जुटे लोगों को उग्रवादी कह रहा है, कोई आतंकवादी। दरअसल, ये यहां के मूल आदिवासी समूह हैं। एक तरफ़ कुकी- चिन जनजातियाँ हैं और दूसरी तरफ़ इम्फ़ाल घाटी में बसे मैतेई हैं। दोनों के बीच अधिकार की लड़ाई है। एक तरह से कहा जा सकता है कि यह ज़मीन का झगड़ा है।

देखा जाए तो मणिपुर की पहाड़ियों में नगा और कुकी के बीच ज़मीनों का झगड़ा 1990 के दशक में भी हो चुका है। नगाओं का कहना था कि कुकी लोगों ने उनके मकान हड़प लिए हैं जबकि कुकी लोगों का कहना है कि नगा संगठन एनएससीएन ने तब उनके सैकड़ों गाँव उजाड़ दिए थे और हमारे नि:शस्त्र लोगों की हत्याएं भी की थीं। बात तब भड़की जब मणिपुर के दस कुकी विधायकों ने केंद्र को पत्र लिखकर अलग प्रशासन की माँग की। इनमें छह- सात विधायक भाजपा के थे। खुले तौर पर न सही, लेकिन कुल मिलाकर यह अलग कुकी प्रदेश जैसी ही माँग थी।

सही बात तो यह निकल कर सामने आ रही है कि आबादी और ज़मीन का असमान क़ब्ज़ा या वितरण ही इस झगड़े का मुख्य कारण है। मैतेई की आबादी 52 से 60 प्रतिशत है, लेकिन वे मणिपुर के दस प्रतिशत हिस्से में रहते हैं। बाक़ी बचे नब्बे प्रतिशत हिस्से में विभिन्न आदिवासी या जनजातीय समुदाय रहते हैं।

इस बार की हिंसा पहाड़ी जनजातियों में इस आशंका के चलते फैली कि वैष्णवी हिंदू मैतेई को अनुसूचित जाति की श्रेणी में रखा जा रहा है। पहाड़ी जनजातियों को यह आशंका है कि अगर मैतेई को यह दर्जा मिल गया तो वे सारी नौकरियाँ भी ले लेंगे और पहाड़ियों में सारी जमीन भी खरीद लेंगे जो कि वे अभी एससी/ एसटी में न होने के कारण नहीं खरीद सकते।

वैसे भी मैतेई की आर्थिक स्थिति यहाँ ठीक है इसलिए जमीन खरीदने में उन्हें फिर कोई परेशानी नहीं होगी। जमीनों का असमान वितरण किसी के द्वारा नहीं किया गया, ये पहाड़, ये ज़मीन जनजातियों के ही हैं। वे इन्हें अपने पुरखों की विरासत मानते हैं और कोई इन्हें छीन ले, यह वे होना नहीं देना चाहते। मैतेइयों का कहना है कि हमारी आबादी भी बढ़ रही है और हमारे लिए भी ज़मीन बहुमूल्य है। कुल मिलाकर जनजातियों की आशंका और मैतेइयों का आक्रोश दोनों ही अपनी जगह सही हैं।

लेकिन सही बात तो यह है कि राज्य सरकार की ओर से समाधान के नाम पर कुछ नहीं किया जा रहा है। उल्टे राज्य की भाजपा सरकार ने जनजाति समूहों या उनकी परिषद से बात किए बिना ही पहाड़ियों के वन क्षेत्र को संरक्षित वन तथा वन्य जीव अभयारण्य घोषित करके जले पर नमक छिड़क दिया है। जब बाहर के लोग यह समझ रहे हैं कि यह झगड़ा जमीनों और अधिकारों को लेकर है और कुछ जातियों के बीच है, जिनमें दो प्रमुख हैं, तो राज्य सरकार को भी इस मुद्दे पर ठोस पहल करना चाहिए। वहां के मुख्यमंत्री उलटे-सीधे बयान देने में वैसे भी माहिर हैं। सो इस मामले में भी हल की ओर जाने के बजाय कुछ भी बयान दे रहे हैं।

गृहमंत्री अमित शाह की हालिया मणिपुर यात्रा इस दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा सकती है। परंतु समस्या का हल बैठकर ही निकाला जा सकता है। सरकार को दोनों प्रमुख जनजातियों के प्रतिनिधिमंडलों को बुलाकर अलग-अलग चर्चा करना चाहिए। इसके बाद आबादी और उनकी परिस्थितियों के अनुसार हल निकालना चाहिए। हिंसा तत्काल थमे, इसके प्रयास किए जाने होंगे। केवल कह देने से या किसी नेता के दौरे भर से काम बनने वाला नहीं है। हिंसा रुके, तो पलायन भी रुकेगा।

पलायन से राज्य को कोई लाभ होने वाला नहीं है। जो बाहर गए हैं, अधिकांश वापस लौटेंगे अवश्य। इसलिए सरकार को तत्काल बातचीत के लिए दोनों प्रमुख जातियों के लोगों को बुलाना चाहिए। साथ ही सरकारी स्तर पर कोई ठोस कार्ययोजना बनाकर आंकड़ों के आधार पर क्षेत्रों का बंटवारा भी किया जा सकता है। परंतु पहले इन दोनों ही समुदायों को हिंसा रोकने के लिए राजी करना होगा। और ये काम डंडे के बल पर नहीं होगा, बातचीत से ही होगा।

# महाकाल लोक निर्माण: 'देव प्रांगणे भ्रष्टाचार, भ्रष्टाचार न भवति..!

**अजय बोकिल**

सरकार का कहना है कि मूर्तियां ध्वस्त हुई हैं तो फिर लगवा देंगे। जबकि विपक्षी कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा के राज में भ्रष्टाचार ने भगवान के घर को भी नहीं छोड़ा। दिलचस्प बात यह है कि सरकार इस समूचे प्रकरण को महज 'हादसा' मान कर चल रही है। मूर्ति निर्माता कंपनी ने भरोसा दिया है कि टूटी मूर्तियां फिर बिठा दी जाएंगी।

भारतेंदु हरिश्चन्द्र का एक व्यंग्य नाटक है 'वैदिकी हिंसा, हिंसा न भवति।' यानी वेदों में बताई गई हिंसा, हिंसा नहीं है। बदले संदर्भ में इसे यूं भी कहा जा सकता है 'देव प्रांगणे भ्रष्टाचार, भ्रष्टाचार न भवति। मध्यप्रदेश के उज्जैन में आठ माह पहले उद्घाटित महाकाल लोक परिसर में तेज आंधी में गिरी सप्तऋषियों की मूर्तियों के धराशायी होने और बाकी 11 मूर्तियों में पड़ी दरारों को लेकर जनता के बीच जो भी संदेश जा रहा हो, राज्य सरकार इसे 'प्राकृतिक आपदा' के रूप में ही ले रही है।

सरकार का कहना है कि मूर्तियां ध्वस्त हुई हैं तो फिर लगवा देंगे। जबकि विपक्षी कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा के राज में भ्रष्टाचार ने भगवान के घर को भी नहीं छोड़ा। कांग्रेस नेता सज्जन सिंह वर्मा ने तो यहां तक कहा कि यह तो भोले के प्रांगण में 'भ्रष्टाचार का तांडव' है। भगवान के भक्त और आम पब्लिक समझ नहीं पा रही है कि कथित भ्रष्टाचार के इस नए रूप को किस निगाह से देखें। उधर मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने महाकाल लोक की तर्ज पर राज्य में दो और 'लोकों' के निर्माण का ऐलान कर दिया है।

दरअसल भगवान के घर में राजनीति और कदाचार का यह मामला अपने आप में अजब है। क्योंकि 'लोक निर्माण' और 'धर्मस्थल निर्माण' में जन अपेक्षाएं अलग-अलग होती हैं। बारह पवित्र ज्योतिर्लिंगों में से एक उज्जैन के महाकालेश्वर परिसर के सौंदर्यीकरण और विकास की योजना शिवराज सरकार के तीसरे कार्यकाल में पिछले सिंहस्थ के बाद बनी थी।

कुछ टेंडर भी जारी हुए। योजना पर आगे काम होता, इसके पूर्व पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा पर मतदाता की अवकृपा हुई। प्रदेश की कमान कांग्रेस की कमलनाथ सरकार के हाथ आई। लेकिन कांग्रेस



का दावा है कि कमलनाथ सरकार ने इस योजना को अपने ढंग से जारी रखा। पर वो सरकार भी सवा साल बाद ही गिर गई।

शिवराज चौथी बार सीएम बने तो उन्होंने महाकाल लोक को अंजाम तक पहुंचाया और पिछले साल अक्टूबर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसका शुभारंभ किया। सरकार के मुताबिक इस पर 351 करोड़ रु. खर्च हुए। यह तो पूरी योजना का प्रथम चरण है। पूरी परियोजना 856 करोड़ रु. की है। महाकाल लोक के निर्माण से उज्जैन में धार्मिक पर्यटन बहुत तेजी से बढ़ा। महाकाल लोक में मूर्ति निर्माण का ठेका गुजरात की एमपी बावरिया कंपनी को दिया गया था।

**महाकाल लोक निर्माण और भ्रष्टाचार**

लेकिन जब 'लोक' का निर्माण हो रहा था तभी 'गड़बड़ियों' की शिकायतें भी आने लगी थी। कांग्रेस विधायक महेश परमार की लिखित शिकायत पर तत्कालीन डीजी लोकायुक्त कैलाश मकवाना ने इसकी जांच भी शुरू कर दी थी। उन्होंने निर्माण से सम्बन्धित एजेंसियों को नोटिस थमा दिए थे। लेकिन इसे 'हरिइच्छा' ही मानें कि आगे जांच बढ़ने के बजाए डीजी लोकायुक्त की कुर्सी ही चली गई। ठीक भी था। भगवान के भक्त यह मानने को कतई तैयार नहीं थे कि भगवत कार्य में कोई भ्रष्टाचार हो सकता है।

अब इसे नियति का चक्र कहें कि 28 फरवरी को आई तेज आंधी ने महाकाल लोक की सप्तऋषियों समेत कई मूर्तियों को ध्वस्त और खंडित कर दिया। आरंभिक जांच में सामने आया कि ये मूर्तियां प्लास्टिक फाइबर की बनी थीं और भीतर से खोखली थीं। उनमें टिकाऊ निर्माण का कोई आग्रह नहीं था। ये मूर्तियां रात में रंग बिरंगी रोशनी में जरूर मोहक लगती थीं, लेकिन दिन में उदास सी लगती थीं। हमें यह भी बताया गया कि हर मूर्ति का खास संदेश है और वो जीने की राह दिखाती है। यह बात अलग है कि इनमें से ज्यादातर मूर्तियों का जीवन अल्पकालिक ही था, यह 30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली आंधी से ही साबित हो गया। विशेषज्ञों के अनुसार चूंकि मूर्तियों को ठीक से फिक्स नहीं किया गया था और न हीं उनमें किसी तरह की भीतरी मजबूती थी, इसलिए वो धाराशायी हो गईं।

**भ्रष्टाचार में सबके हाथ काले?**

यह तो हुई निर्माण में 'स्तरहीनता' की बात। महाकाल लोक पर जो राजनीति हुई वह भी देव दुर्लभ है। पहले तो इसके निर्माण का श्रेय खुद लेने में भाजपा और कांग्रेस ने कोई कसर नहीं छोड़ी और इस हादसे के बाद वो एक दूसरे पर भ्रष्टाचार पर आरोप लगा रहे हैं। मसलन जब अक्टूबर में महाकाल लोक का शुभारंभ हुआ तो कांग्रेस ने इसका श्रेय लेने का दावा यह कहकर किया कि उसके कार्यकाल में ही 300 करोड़ रु. के टेंडर जारी हुए थे। तब गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा था कि कांग्रेस की कमलनाथ सरकार ने तो महाकाल लोक परियोजना को ठंडे बस्ते में डाल दिया था। हमने सत्ता में लौटकर इसे पूरा किया है।

लेकिन मूर्ति हादसे के बाद नगरीय प्रशासन मंत्री भूपेन्द्रसिंह ने आंकड़ों के हवाले से खुलासा किया कि महाकाल लोक का वर्क ऑर्डर तो कमलनाथ सरकार के कार्यकाल में जारी हुआ। फिर उन्होंने कहा कि महाकाल लोक निर्माण के 60 फीसदी ठेके कांग्रेस के और बाकी 40 फीसदी ठेके भाजपा के शासन काल में जारी हुए। यानी एक तो कांग्रेस कार्यकाल में यह परियोजना ठंडे बस्ते में नहीं डाली गई थी। दूसरा, यह कि अगर इसमें भ्रष्टाचार हुआ है तो दोनों के कार्यकाल में हुआ है। विवाद उसके अनुपात को लेकर है। लड़ाई अब निर्माण का श्रेय लेने के बजाय यह साबित करने की है कि किसके कार्यकाल में महाकाल लोक में ज्यादा भ्रष्टाचार हुआ।

हालांकि मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने कांग्रेस को यह कहकर चुनौती दी कि अगर उसके पास भ्रष्टाचार के कोई ठोस सबूत हैं तो दें, हम जांच करा लेंगे। लेकिन उन्होंने पूर्व में लोकायुक्त में हुई शिकायत और उसकी जांच रुकने का कोई जिक्र नहीं किया। ( इस मामले में कांग्रेस का नाम आने के बाद नए लोकायुक्त फिर जांच की फाइल खोल दी है) ।

**हादसा या भ्रष्टाचार का प्रमाण**

दिलचस्प बात यह है कि सरकार इस समूचे प्रकरण को महज 'हादसा' मान कर चल रही है। मूर्ति निर्माता कंपनी ने भरोसा दिया है कि टूटी मूर्तियां फिर बिठा दी जाएंगी। जबकि विपक्षी कांग्रेस का कहना है कि समूची परियोजना में ही गड़बड़ी हुई हैं।

रही बात भ्रष्टाचार की तो सब को पता है कि 'भ्रष्टाचार' एक ऐसा असुर है, जो कभी नहीं मरता। पुरानी संस्कृत में असुर शब्द का एक अर्थ 'शक्तिशाली' और 'अमर' होना भी है। और भगवान शिव तो भोले भंडारी हैं। असुरों को भी वरदान देने में कोताही नहीं करते। वो सृष्टि के सर्जक भी हैं और संहारक भी।

भगवतकृपा रही कि आंधी 30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से ही चली। अगर वो 60 किमी प्रति घंटे की गति से होती तो शायद पूरा लोक ही परलोक में तब्दील हो जाता। महाकाल लोक जीवन की नश्वरता और 'नित्य नूतनता' का संदेश देता है। गिरी हुई मूर्तियां तीन दिन में फिर लग जाएंगी। फिर गिरी तो फिर लग जाएंगी। अगर कोई इसमें कोई भ्रष्टाचार देखना चाहता है तो देखे। भ्रष्टाचार से ही नवनिर्माण और नवनिर्माण से ही भ्रष्टाचार की राह खुलती है। आचार का क्या है, भावना पवित्र होनी चाहिए। भ्रष्टाचार भी तभी है, जब उसे 'भ्रष्टाचार' माना जाए।

# कुछ कीजिए इस माँ की मुक्ति के लिए

**-राकेश दुबे**

दो दिन पहले गंगा-दशहरा था। गंगा अर्थात् माँ के विशेषण से युक्त देश की जीवनदायनी नदी। वैदिक संस्कृति का उद्गम इस नदी के पवित्र जल की चर्चा से ही हुआ है। नदियों को मां की संज्ञा देना मनीषियों का जल के महत्त्व व नदियों के प्रति सकारात्मक सोच को दर्शाता है। सनातन कर्मकांड व धार्मिक समारोहों की रस्मों के मंत्रोच्चारण में पवित्र नदियों का प्रसंग जरूर आता है। गंगा, यमुना, सरस्वती, सरयू, सिंधू, नर्मदा, रावी, ब्यास व सतलुज जैसी नदियों की चर्चा किए बिना सनातन संस्कृति की कल्पना व भारत का गौरवमयी इतिहास अधूरा है ।दुर्भाग्य देश के लोग गंगा सहित कई नदियों के इतिहास और महत्व को भूलते जा रहे हैं।

सनातन संस्कृति के धार्मिक ग्रंथों, वेदों व उपनिषदों में मानव संस्कृति की जननी नदियों की महिमा का उल्लेख ऋषियों ने हजारों वर्ष पूर्व कर दिया था। हमारे मनीषियों ने वैदिक साहित्य की रचना नदियों के सानिध्य में ही की थी। देश के कई राज्यों में बहने वाली पौराणिक महत्त्व वाली नदियां करोड़ों लोगों की आस्था का केन्द्र हैं। सब नदियों में श्रेष्ठ 'गंगा जी' पवित्र नदियों की प्रतिनिधि है।

'गंगे तव दर्शनात् मुक्ति'- धर्मग्रंथों के अनुसार इस प्रसंग का प्रादुर्भाव गंगा अवतरण के अवसर पर भगवान विष्णु के श्रीमुख से हुआ था। इसका उल्लेख 'नृसिंह' पुराण में हुआ है अर्थात् गंगा तेरे दर्शन मात्र से ही मुक्ति मिलेगी। राजा दिलीप के पुत्र राजा भगीरथ के कठोर तप के बाद 'गंगा जी' अवतरित हुई। भगवान शिव ने अपनी जटाओं में समाहित करके गंगा का वेग नियंत्रित किया। तब जाकर वेगवान 'जाह्नवी' को



पृथ्वी धारण करने में समर्थ हुई थी। भगवान शिव के स्पर्श से 'भागीरथी' पावन व आस्था का केन्द्र बनी। मान्यता है कि ज्येष्ठ शुक्ल की दशमी के दिन गंगा जी का धरती पर आगमन हुआ था। इस दिवस को गंगावतरण या 'गंगा दशहरा' के रूप में मनाया जाता है।

'कपिल मुनि' द्वारा शापित भगीरथ के पूर्वजों का उद्धार करके गंगा सागर में जा मिली, तत्पश्चात् 'अगस्त्य ऋषि' द्वारा सोखे गए समंदर में पुनः जलभराव संभव हुआ था। गंगा मात्र पानी का दरिया नहीं है बल्कि युगों युगों से करोड़ों लोगों की गहरी आस्था व मान्यताओं में पूज्य नदी है। पवित्र गंगा की महिमा व कीर्ति का वर्णन वैदिक साहित्य में बखूबी हुआ है। धार्मिक अनुष्ठान गंगाजल के बिना पूर्ण व शुद्ध नहीं माने जाते। समस्त संस्कारों में अनिवार्य उपयोगी गंगाजल को वैज्ञानिक कसौटी पर भी गुणवत्तायुक्त माना गया है। अतः स्नान मात्र से नकारात्मक विचारों से मुक्त करके करोड़ों लोगों का उद्धार करने वाली गौमुखी गंगा जी साक्षात देवी स्वरूपा हैं। मगर अपने शुद्धिकरण के लिए विश्व में विख्यात रही सांस्कृतिक विरासत तीर्थमयी गंगा प्रदूषण की मार झेलकर अपनी पवित्रता पर अफसोस जाहिर कर रही है।

राष्ट्रीय नदी का दर्जा प्राप्त गंगा की स्वच्छता के लिए 'नमामि गंगे' व 'स्वच्छ गंगा' तथा 'गंगा एक्शन प्लान' जैसे अभियान चले, नतीजा नहीं निकला ।सांस्कृतिक विरासत पवित्र गंगा के प्राकृतिक सौदर्य व निर्मलता को सहेजने के लिए सियासत के बड़े प्रयासों की जरूरत है। 'गौतम ऋषि' के तप का पुण्यफल दक्षिण की गंगा 'गोदावरी' का भी यही हाल है। भगवान शिव की नगरी उज्जैन में बहने वाली 'शिप्रा' नदी की महिमा का उल्लेख 'स्कंद पुराण' में हुआ है। 'महर्षि संदीपनी' का आश्रम इसी शिप्रा के तट पर स्थित था। श्रीकृष्ण, बलराम व सुदामा जैसे संदीपनी के शिष्यों ने यहीं विद्या अध्ययन किया था। राजा भृर्तहरि, गुरु गोरखनाथ तथा 'अत्रि ऋषि' की तपोभूमि भी शिप्रा का तट ही था, मगर मोक्षदायिनी शिप्रा भी भंयकर प्रदूषण के आगोश में आ चुकी है।

भारत ही नहीं विदेश के भी लोग अपने पूर्वजों के मोक्ष की कामना तथा पितरों के तर्पण के लिए बिहार राज्य के 'गया' में बहने वाली पावन 'फाल्गु' नदी के तट पर आते हैं। फाल्गु भी अपने अस्तित्व से जूझ कर खुद पानी तराश रही है। श्रीकृष्ण की 'कालिंदी' सूर्यपुत्री यमुना का जल प्रदूषण से जहर नुमा हो चुका है। दिल्ली में यमुना के पानी पर सफेद झाग सियासत के चुनावी वादों के झूठ को बेनकाब कर रहा है। वाराणासी की पहचान 'वरुणा' व 'असि' नदियां नाले में तब्दील हो चुकी हैं। पेयजल की जीवंत प्रणाली नदियों की साफ-सफाई के लिए सरकारी खजाने से हर वर्ष करोड़ों रुपए खर्च होते हैं। राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भी नदियों के प्रदूषित होने पर चिंता व्यक्त करते हैं।

वैसे नदियों को प्रदूषणमुक्त करने के लिए केन्द्र सरकार ने सन् 1995 से 'राष्ट्रीय नदी संरक्षण' योजना भी चला रखी है, मगर धरातल पर कोई सकारात्मक परिणाम नजर नहीं आता। धरती पर मानव जीवन सहित सभी जीवों तथा प्रकृति का वजूद नदियों व जलस्रोतों के अस्तित्व पर ही निर्भर है। शिक्षा में साक्षरता का स्तर जरूर बढ़ रहा है, मगर विश्व को अध्यात्म व ब्रह्मांड का ज्ञान देने वाले 'जगत गुरू भारत' में संस्कारों का स्तर उतना ही नीचे जा रहा है। पवित्र नदियों व जलस्रोतों के प्रति आस्था हमारी संस्कृति रही है। प्रकृति की रक्षा करना हमारा धर्म रहा है, मगर आधुनिक समाज उन परंपराओं को दरकिनार कर चुका है। कई सांस्कृतिक विविधताओं को समेटे हुए करोड़ों आबादी का पालन-पोषण करने वाली सब नदियों का सम्मान मातृ स्वरूपा गंगा के रूप में ही होना चाहिए। भारत का वैभव रहीं आस्था की नदियों में प्रदूषण देश की व्यवस्थाओं से प्रश्न पूछने को मजबूर करता है। अतः नदियों की निर्मलता के लिए अपने पुरखों द्वारा निर्धारित सरोकारों व संस्कारों को अपनाने की जरूरत है।

आस्था की नदियां प्रदूषण के अजाब से उत्तर प्रदेश की 'कर्मनाशा' नदी की तरह श्रापित होकर अपवित्र हो जाएं, ऋषि वाल्मीकि की 'तमसा' की तरह मृतप्राय हो जाए, अमृतमयी 'सरस्वती' नदी की तरह लुप्त हो जाए या 'गया' की 'फाल्गु' व उज्जैन की 'शिप्रा' की तरह अपनी दुर्दशा पर आंसू बहाए, सारी पवित्र नदियां प्रदूषण मुक्त होनी चाहिए।

# तलाक के लिए अब सुलह का इंतजार नहीं

सोनम लववंशी

तलाक की प्रक्रिया कितनी जटिल, शर्मनाक और तनावग्रस्त होती है, ये वही जान सकता है, जिसने इस पीड़ा को भोगा हो! इस त्रासदी से गुजरी कुछ महिलाओं का तो यहां तक कहना है कि उन्हें कई बार आत्महत्या का भी ख्याल आया। ऐसा लगता था कि जैसे शादी करके कोई गुनाह कर लिया। आपका व्यवहार, आपका चरित्र, आपके मायके की आर्थिक स्थिति और यहां तक कि आपकी समझदारी को भी कई बार और कई जगह लांछित किया जाता है। जबकि, इस प्रताड़ना का खर्च भी आप ही उठा रहे होते हैं।

एक महिला को नौकरी के एक इंटरव्यू के दौरान इसलिए रिजेक्ट दिया गया कि उसका तलाक का केस चल रहा था। दरअसल, तलाक को लेकर आज भी हमारे समाज की मानसिकता नहीं बदली। समाज अभी भी तलाक का दोष महिला को ही देता आया है और ये मानसिकता किसी न किसी रूप में जिंदा है। इस दर्द को झेल चुकी एक महिला मानती हैं कि वे टॉक्सिक रिश्ते को ढोने से अच्छा है कि जल्द से जल्द अलग हो जाना! लगता है रिश्तों के टूटने का दर्द झेलने वाली महिलाओं को सुप्रीम कोर्ट ने सुन लिया और ऐसा फैसला सुनाया कि अब तलाक के लिए 6 महीने भी रोकना जरूरी नहीं है! यदि अदालत को लगता है कि कोई रिश्ता सुधर नहीं सकता तो उसे अलग करना ही बेहतर होगा।

पति से अलग होकर तलाक का समय काल भोगने वाली महिलाएं जानती हैं कि शादी से अलग होने के बाद अकेले खड़े होने के लिए बहुत साहस की जरूरत होती है। लोगों को नहीं पता कि ये महिलाएं अपने जीवन में कितना तनाव झेलती हैं। ऐसी ही त्रासद जिंदगी झेल रही एक महिला की पीड़ा थी, कि तलाक की प्रक्रिया बेहद लम्बी और तनाव भरी होती है। मुझे भी तलाक लेने में चार साल लग गए। सबसे दर्द देने वाले पल वो होते थे, जब हम उन्हीं लोगों को अपने खिलाफ खड़ा देखते हैं, जिनके घर मैं कभी बहू बनकर गई थी। कोर्ट की वो तारीख इतने तनाव से भर देती थी, कि मुझे सामान्य होने में कई दिन लग जाते थे। जब मेरा तलाक हुआ तो मेरे दोस्तों ने मुझे पार्टी दी, कि अब मुझे उसे तनाव प्रक्रिया का सामना नहीं करना पड़ेगा।

हमारी कानून व्यवस्था ने अब इस त्रासद प्रक्रिया का भी हल निकाल दिया। सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दिया कि यदि पति-पत्नी का रिश्ता पूरी तरह



टूट चुका हो! उसमें सुलह-समझौते की कोई गुंजाइश नहीं बची हो, तो संविधान के अनुच्छेद-142 के तहत सुप्रीम कोर्ट को दी गई शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए तलाक को बिना इंतजार किए मंजूर किया जा सकता है। इस फैसले का सीधा सा मतलब है कि अब बिगड़े रिश्तों को कानूनी रूप से तोड़ने के लिए 6 महीने का इंतजार करना भी जरुरी नहीं होगा। अब पति-पत्नी आपसी सहमति से तुरंत तलाक ले सकते है। लेकिन, संविधान पीठ ने फैसला सुनाते हुए स्पष्ट किया कि ऐसी स्थिति में तलाक तभी संभव है, जब कोर्ट पूरी तरह आश्वस्त हो, कि शादी वास्तव में टूट चुकी है और पति-पत्नी अब किसी भी हालत में साथ रहना नहीं चाहते। लेकिन, यह जांचना आसान नहीं है, कि कोर्ट आखिर कैसे तय करेगा कि अब इस विवाह बंधन में अब कुछ नहीं बचा और अलग होना ही एकमात्र विकल्प है!

भारतीय संविधान में सुप्रीम कोर्ट को अनुच्छेद 142 के रूप में एक विशेष शक्ति प्रदान की गई है। इसके तहत सुप्रीम कोर्ट किसी भी व्यक्ति को न्याय देने के लिए जरुरी निर्देश दे सकता है। आसान भाषा में समझा जाए तो तलाक को लेकर अभी ऐसा कोई कानून नहीं बना और न ऐसा कोई मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है जिसमें तुरत-फुरत तलाक संभव हो! ऐसे मामलों में सुप्रीम कोर्ट अनुच्छेद 142 का इस्तेमाल करते हुए फैसला ले सकता है। लेकिन, शर्त यह है कि इस फ़ैसले से किसी को कोई नुकसान नहीं होना चाहिए।

लेकिन, कोर्ट को तत्काल तलाक के इस अधिकार के इस्तेमाल से पहले कुछ बातों का ध्यान भी रखना होगा। सुप्रीम कोर्ट के मुताबिक, रिश्ते को तोड़ने की इजाजत से पहले देखना होगा कि शादी के बंधन में बंधने के कितने समय बाद तक पति-पत्नी ने सामान्य वैवाहिक जीवन जिया! पति-पत्नी के बीच आखिरी बार शारीरिक संबंध कब बना। पति-पत्नी ने एक-दूसरे पर और परिवारों पर जो आरोप लगाए हैं, उसमें कितनी सच्चाई है। तलाक की कानूनी प्रक्रिया के दौरान कौन-कौन से आदेश दिए और उनका रिश्ते पर क्या असर हुआ! यह भी देखना होगा कि कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद से कितनी बार पति-पत्नी ने सुलह करने या रिश्ता बचाने की कोशिश की और आखिरी बार ये कोशिश कब की गई! पति-पत्नी के कब से अलग रह रहे हैं और ये अवधि पर्याप्त रूप से लंबी होनी चाहिए। छह माह या उससे अधिक समय तक अलग रहना उसमें एक अहम फ़ैक्टर होना चाहिए।

कोर्ट ने अपना फैसला सुनाते हुए यह भी कहा कि कोई भी फैसला सुनाने से पहले यह भी ध्यान रखना होगा कि दोनों पक्षों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति कैसी है! दोनों ही कितने पढ़े-लिखे हैं, उनकी उम्र क्या है, परिवार में कोई बच्चा है या नहीं और है तो उनकी उम्र कितनी है और वो किस कक्षा में पढ़ रहे हैं! अगर पति या पत्नी में से कोई एक पक्ष आर्थिक रूप से दूसरे पर निर्भर है, तो जो पक्ष तलाक मांग रहा है वो दूसरे पक्ष और अपने बच्चों के जीवन यापन के लिए किस तरह की मदद करने को तैयार है। तलाक के समय पत्नी की पति से बराबरी है या नहीं। कोर्ट देखेगी कि क्या पति के ऊपर कोई कर्ज या किस्त बाकी है। माता-पिता उसके आश्रित हैं या नहीं और माता-पिता के इलाज में कितना पैसा खर्च होता है। इसके अलावा पति के घर की जीवनशैली और खानपान कैसा है! तात्पर्य यह कि कोर्ट जब इन सब बातों से संतुष्ट होगा तभी वो तत्काल तलाक की अनुमति देगा।

सुप्रीम कोर्ट ने अपने निर्णय में यह भी स्पष्ट किया कि इस फैसले को आधार बनाते हुए तलाक का मुकदमा सीधे सुप्रीम कोर्ट में दाखिल नहीं किया जा सकता। कोई भी पति पत्नी संविधान के आर्टिकल 32 के तहत सुप्रीम कोर्ट या आर्टिकल 226 के तहत सीधे हाईकोर्ट में याचिका दायर कर इस फैसले के आधार पर तलाक नहीं मांग सकता! फ़िलहाल तलाक को लेकर नियम यह है कि हिंदू मैरिज एक्ट 1955 की धारा 13-बी के तहत पति-पत्नी आपसी सहमति के साथ तलाक लेने के लिए फैमिली कोर्ट में जाते हैं। तो तलाक लेने वाली दंपत्ति को अदालत में बताना पड़ता है कि वो एक साल या उससे अधिक समय से अलग रह रहे हैं। आगे भी दोनों साथ रहना नहीं चाहते। अभी जो तलाक की प्रक्रिया है, उसमें इतने ज्यादा पेंच हैं कि सुनवाई की पहली तारीख़ मिलने में ही सालों लग जाते हैं। फिर दूसरी तारीख या तलाक मिलने के लिए कम से कम छह महीने का तक का इंतज़ार करना पड़ता है। फैमिली कोर्ट पति-पत्नी को 6 महीने का समय इसलिए देती है, ताकि दोनों पक्षों के मतभेद कम हों सकें और सुलह-सफाई की कोई भी गुंजाइश हो, तो वे तलाक की अर्जी वापस ले सकते हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

## कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त हुए प्रशांत



इटारसी // मध्यप्रदेश कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष गजानंद तिवारी की अनुशंसा पर सेवादल यंग ब्रिगेड के सक्रिय कार्यकर्ता प्रशांत श्रीवास यंग ब्रिगेड इटारसी ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया। प्रशांत श्रीवास की नियुक्ति पर कांग्रेस के सभी सदस्यों ने सेवादल यंग ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष गजानंद तिवारी और वरिष्ठ नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है।

## सम्यक अभियान संकल्प यात्रा

ओबैदुल्लागंज संवाददाता..भोजपुर विधानसभा के युवाओं की पहली पसंद बनकर उभर रहे हैं युद्धविर सिंह पटेल भोजपुर विधानसभा के पूर्व विधायक श्री राजेश पटेल के जेष्ठ पुत्र युद्धवीर सिंह पटेल पिछले 1 माह से सम्यक अभियान संकल्प यात्रा के चलते हर बूथ हर गांव तक लोगों के बीच पहुंच रहे हैं सम्यक अभियान संकल्प यात्रा जो कि भोजपुर विधानसभा के बेरोजगार युवाओं के लिए काम कर रहे हैं और युवा भी इसमें भरपूर समर्थन दे रहे हैं भोजपुर मंदिर से यात्रा का शुभारंभ किया और अभी तक लगभग 260 बूथ और 345 गांव मैं युद्धवीर सिंह पटेल पहुंच चुके हैं हर गांव में पटेल को मिल रहा भरपूर समर्थन

## विधायक सुरेंद्र पटवा ने बांटे लाडली बहना योजना के स्वीकृति पत्र

ओबैदुल्लागंज। भोजपुर विधायक श्री सुरेंद्र पटवा जी ने आज ओबैदुल्लागज नगर के वार्ड क्रमांक 10, 11 ,12 अर्जुन नगर में में घर घर जाकर पात्र बहनों को मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के स्वीकृति पत्र वितरित किए सर्वप्रथम लाड़ली बहनाओ का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। साथ ही लाड़ली बहनों ने माननीय विधायक जी एवं प्रदेश के मुखिया माननीय श्री शिवराज सिंह चौहान को धन्यवाद दिया गया। इसके बाज ग्राम दिवटिया तथा हर्रई में आयोजित मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना स्वीकृति पत्र वितरण कार्यक्रम लाडली बहनों को स्वीकृति पत्र वितरण किए इस मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी सोनू चौकसे जिला महामंत्री रविंद्र विजयवर्गीय मंडल अध्यक्ष सोनू चौकसे जनपद अध्यक्ष श्रीमती प्रीति बृजेश चौकसे पार्षद सुनील सेरिया सुजीत यादव शंकरलाल इरपाचे श्रीमती सना आमिर ममनून श्रीमती प्रीति अनूप चौधरी, श्रीमती हेमलता मनोज चौरसिया दीपू परमार शैलेंद्र राय श्रीमती आरती यादव श्रीमती राधा विनोद मालवीय पुरुषोत्तम शर्मा आदि उपस्थित रहे

## कर्मचारियों के हितों को मिलेगा समुचित संरक्षणः रमेश शर्मा

छतरपुर। कर्मचारियों के कल्याण के लिए सरकार संवेदनशील है। उनके हितो को सरक्षण देने के लिए सार्थक प्रयास किये जा रहे है ,यह उद्गार मप्र राज्य कर्मचारी कल्याण समिति के अध्यक्ष राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त पं रमेश चंद्र शर्मा ने जिले के प्रवास दौरान विभिन्न कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों से व्यक्त किये। इस मौके पर राज्य कर्मचारी संघ के अध्यक्ष विश्वजीत सिंह एवं महामंत्री हेमंत श्रीवास्तव भी मौजूद रहे। जिले के प्रवास पर आये अतिथियों का पीडब्लूडी के कार्यपालन यंत्री श्री शुक्ला आदिमजाति संयोजक डॉ प्रियंका राय ,प्रेम सिंह प्रदेशाध्यक्ष ,जिलाध्यक्ष जीडी सोनकिया ,धनकुमार जैन संभागीय उपाध्यक्ष ,कार्यकारी जिलाध्यक्ष आशीष शुक्ला ने पुष्पालाओ एवं शाल श्रीफल से स्वागत किया। संगठन के सचिव जितेंद्र गौर ने बताया कि मप्र राज्य कर्मचारी कल्याण समिति के अध्यक्ष राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त पं रमेश चंद्र शर्मा ने कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों को जानकारी दी कि सरकार ने अनुकंपा नियुक्ति का सरलीकरण करने की दिशा में प्रयास किये है। राज्य कर्मचारियों का डीए ,नवीन गृह भाड़ा भत्ता तथा लिपिकों की वेतन विसंगति ,विभिन्न विभागों मेंवर्षो से पदस्थ संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण कैशलेस स्वास्थ्य बीमा योजना आदि के सबंध में शासन के पक्ष से अवगत करा कर शीघ्र ही शासन द्धारा आदेश जारी करने के सबंध में जानकारी दी।

## कलेक्टर श्री सिंघल ने की राजस्व प्रकरणों की समीक्षा

सिवनी- कलेक्टर क्षितिज सिंघल ने गुरूवार 01 जून को सभी अनुविभागीय अधिकारियों, तहसीलदारो तथा नायब तहसीलदारों की बैठक लेकर राजस्व प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने राजस्व न्यायालयवार अविवादित नामान्तरण, बटवारा एवं सीमांकन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश सम्बंधित एसडीएम एवं तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार को दिये। कलेक्टर श्री सिंघल ने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि अविवादित नामान्तरण का कोई भी प्रकरण बिना वजह लम्बित न रहें। इसी तरह विवादित नामांतरण प्रकरणों को भी सम्बंधित पक्षकारों के पक्ष को सुनकर पूर्ण संतुष्टि से निराकरण किया जाए। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को नामांतरण प्रकरणों को भी तेजी से निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि भू-खण्ड या भवन की रजिस्ट्री के उपरांत संपदा पोर्टल के डाटाबेस अनुरूप स्वत-नामातंरण किए जाएं। उन्होंने सीमांकन के लंबित प्रकरणों, राजस्व वसूली की भी न्यायालयवार समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंघल ने मुख्यमंत्री धरणाधिकार एवं मुख्यमंत्री आवसीय भू-अधिकार योजना की प्रगति की भी अनुविभागवार समीक्षा की। स्वामित्व योजना अंतर्गत ग्रामवार नक्शे की स्थिति, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के ई-केवायसी की स्थिति, राजस्व रिकार्ड दुरूस्तिकरण सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## आर्थिक सहायता

धार,। कलेक्टर कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद के अंतर्गत पीथमपुर की सोनम पिता संतोष पाल को बीमारी के उपचार के लिए एक लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार मनावर तहसील के ग्राम उमरबन कला के संतोष कुमार पिता रामचन्द्र शर्मा को 80 हजार रूपए एवं कुक्षी तहसील के ग्राम खारपुरा उमरी लोंगसरी के रवि पिता भीमसिंह चौहान को बीमारी के उपचार के लिए 40 हजार रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

# ड्रोन से पाराशरी नदी की हुई फोटोग्राफी, पंचतत्व की मेहनत लाई, रंग दिखने लगा

## नागरिकों में जागी उम्मीद की किरण अब पुनः जीवित होगी जीवनदायनी पाराशरी

गंज बासौदा। पंचतत्व संरक्षण समिति की मेहनत अब रंग लाने लगी है कहते हैं जिनका दृढ़ संकल्प मजबूत होता है उनके रास्ते अपने आप आसान हो जाते हैं यह अब पाराशरी कायाकल्प अभियान 2023 के प्रारम्भ दिन से आज 13 दिन की सफर में दिखाई पड़ने लगा है शुरू के प्रारम्भ के दिन 2 से 3 दिन कुछ छोटी मोटी समस्याओं से जूझना पड़ा लेकिन जब कार्य ने रफ्तार पकड़ी तब आज 13 दिन जब ड्रोन से फोटो ग्राफी की गई तब समझ आया कि 13 दिन में पाराशरी नदी में क्या बदलाब हो गया यकीन मानिए बेदनखेड़ी पुल के समीप जिस स्थल पर नदी के गहरीकरण व चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है उस स्थल पर नदी करीब 80 फिट चौड़ी दिखाई देने लगी है और बड़ा ही मनोरम दृश्य दिखाई पड़ रहा है यह कार्य अगर ऐसा ही चलता रहा और कोई अड़ंगा नहीं लगा और ओर आगे बढ़ते हुए शीतला माता मंदिर से होते हुए मुख्य पुल तक आ जाये तो वास्तविकता में पाराशरी नदी अपने मूल रूप में दिखाई पड़ेगी।



### समिति ने किया नागरिकों से आह्वान

पंचतत्व पाराशरी नदी कायाकल्प अभियान का कार्य देख रहे पंचतत्व संरक्षण समिति के प्रमोद सिंह राजपूत ने नागरिकों से आव्हान किया है कि नदी के गहरीकरण व चौड़ीकरण के कार्य में नदी से मिट्टी व पुराव निकल रहा है जो भी नागरिक पुराव लेना चाहे वह अपने ट्रैक्टर ट्राली डंपर आदि वाहन भेज सकते हैं समिति फ्री में जेसीबी मशीन से पुराव वाहन में भर कर देगी नागरिक उसके बदले स्वेच्छा से समिति को अगर कुछ देना चाहे तो दे सकते हैं अन्यथा यह नगर के नागरिकों के लिए समिति की सौगात है वह अपने खाली पड़े प्लॉट मकान का पुरा या फिर बगीचे के लिए मिट्टी ले जा सकते हैं7आज 13वे दिन एसडीएम , तहसीलदार, सीएमओ सासंद प्रतिनिधि ने अवलोकन किया इस समय पंचतत्व मुकेश सिंह, प्रवीण भावसार, प्रमोद सिंह, डॉक्टर जितेंद्र सिंह, महेन्द्र ठाकुर, विजय अग्रवाल, लक्ष्मीकांत शर्मा, कुलदीप तिवारी, दशरथ दांगी, मोनू कुशवाह उपस्थित थे

### जीवन दायनी के संकल्प के 13 दिन

एक दौर वह भी रहा जब पाराशरी नदी शहर की जीवन दायनी थी आज वह स्तिथि है जब नदी आज मृत्य स्थिति में है इस पाराशरी नदी को पुनर्जीवित करने का कार्य विगत 20 मई को ÷ पंचतत्व पाराशरी कायाकल्प अभियान 2023 ÷ का भूमिपूजन कार्य प्रारंभ हुआ जिसका भूमिपूजन विधायक श्रीमती लीना जैन, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती शशि अनिल यादव, सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, पूर्व विधायक हरी सिंह रघुवंशी, समाज सेवी कांति भाई शाह, एसडीएम विजय राय, तहसीलदार संदीप जायसवाल, सीएमओ निशांत ठाकुर और पंचतत्व अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह दांगी तथा अन्य वरिष्ठ लोगों की उपस्थिति में हुआ था और लगातार चलते इस कार्य को 13वा दिन पूर्ण हुआ वेदनखेड़ी स्थित पाराशरी पुल के पास नदी लगभग 80 फिट चौंडी हो गई यह पहल पंचतत्व संरक्षण समिति ने 20 अगस्त 2022 को नगर पालिका के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में पहले ज्ञापन के रूप में दिया था समिति के पहल पर नगरपालिका ने भरपूर सहयोग के साथ दे रही है जिसके कारण शहर को एक नदी को जीवन मिलने लगा इस कायाकल्प अभियान सहयोग में पंचतत्व समिति को सहयोग के रूप में नागरिक सेवा समिति ने 25000 रूपए,अनिल दाऊ फाउंडेशन ने 25000 रुपए पूर्व विधायक हरी सिंह ने 11000 रुपए मैरिज गार्डन एसोसिएशन ने 11000 रुपए बासौदा प्रेस क्लब ने 5100 रुपए राकेश खंडेलवाल ने 5100 रुपए जगदीश गुप्ता ने 5100 रुपए सहयोग राशि समिति को प्रदान किये हैं।

## गिरफ्तार इनामियों से 15 पिस्टल व 8 कट्टे बरामद

शिवपुरी - पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह भदौरया की अपराध और अपराधियों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत एवं अति. पुलिस अधीक्षक प्रवीण भूरिया के मार्गदर्शन में की जा रही कार्यवाही के अंतर्गत पुलिस थाना खनियाधना ने हथियारों की सप्लाई के गिरफ्तार आरोपी गब्बर रजक से अब 23 पिस्टल-कट्टों का जखीरा बरामद किया है।



26 मई को रेड़ी चौराहा खनियाधाना से चैकिंग के दौरान गाड़ी क्रमांक यूपी 32 टीएन 0672 से 20 पिस्टल व 20 जिन्दा राउण्ड बरामद किये गये थे, जिस पर से थाना खनियाधाना पर अपराध क्रमांक 295/2023 धारा 25/27 आर्म्स एक्ट का कायम कर विवेचना मे लिया था पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिह ने उक्त प्रकरण के अन्य आरोपियों की पतारसी एवं गिरफ्तारी हेतु बदमाशों एवं अवैध हथियारों की सप्लाई करने बालों पर दसङ्कदस हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। अपराध क्रमांक 295/2023 धारा 25/27 आर्म्स एक्ट मे पहले से गिरफ्तार आरोपी गब्बर रजक को पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया था जिससे पुलिस द्वारा सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपी ने बताया कि वह हथियारों की पहली खेप मे पिस्टल व कट्टे भागीरथ शर्मा पुत्र राजेश शर्मा उम्र 29 साल व राबिया ( बदला हुआ नाम) उर्फ फिरोजा उर्फ नूर मोहम्मद मुसलमान पत्नि भागीरथ शर्मा उम्र 30 साल के प्लांट क्रमांक बी 65 सेकन्ड फ्लोर अखिल नगर गोल्ड सुख के पीछे मालवीय नगर जयपुर राजस्थान से लाया था, पैमेन्ट नहीं होने से डिलीवरी नहीं की गई थी वह आरोपी गब्बर रजक ने अपने घर करैरा मे रखी हुई थीं, उक्त सूचना पर से थाना प्रभारी खनियाधाना धनेन्द्र सिंह भदौरिया द्वारा पुलिस टीम के साथ गिरफ्तार सुदा आरोपी के घर करैरा पर दबिस देकर 15 पिस्टल एवं 08 देशी कट्टे कुल 23 अवैध हथियार जप्त किये गये हैं। आरोपी गब्बर रजक से अभी तक कुल 43 अवैध हथियार 22 जिन्दा राउण्ड बरामद किये गये हैं। जिनकी कीमत करीवन 18,00,000 रुपये है जो कि अभी तक की सबसे बडी कार्यवाही की गयी है।

## गंगा जमना स्कूल मे प्रबंधन द्वारा हिंदू छात्राओं को हिजाब पहनाने के विरोध में संगठन ने दिया ज्ञापन

दमोह भगवती मानव कल्याण संगठन द्वारा दमोह कलेक्ट्रेट में ग सोंपते हुए कहा संगठन के जिला अध्यक्ष डॉ सुजान सिंह ने कहा कि दमोह शहर के गंगा जमना स्कूल की दीवार पर हिंदू छात्राओं का फ्लेक्स लगा हुआ था जिसमें सभी छात्राएं हिजाब पहने हुई थी जब इसकी जानकारी हिंदू संगठनों को लगी उन्होंने कलेक्टर को जाकर इसकी जानकारी दी एवं ज्ञापन दिया कलेक्टर ने जांच के लिए जिला शिक्षा अधिकारी एवं नगर निरीक्षक को जांच सौंपी उक्त अधिकारियों ने आनन-फानन में जांच करके लीपापोती करके और अपनी जांच सौंप दी जिसमें कहा गया यह सब निराधार है जबकि वास्तव में इन अधिकारियों द्वारा भिरमीक तरीके से जांच की गई तथ्यों को छुपाने का प्रयास किया गया उसी स्कूल में हिंदू छात्राओं को हिजाब पहनाया जाता है एवं इस्लामिक धर्म से संबंधित प्रार्थना करवाई जाती है यह जानकारी हिंदू छात्राओं के अभिभावकों द्वारा भगवती मानव कल्याण संगठन के सदस्यों को दी थी यह पूरी तरह से धर्मांतरण की प्रक्रिया है इसकी पूरी तरह से गहराई से जांच होकर स्कूल की मान्यता गंगा जमना स्कूल की मान्यता रद्द की जाए दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए अगर जांच के बाद स्कूल की मान्यता रद्द नहीं की जाती तो संगठन द्वारा बड़े स्तर पर धरना प्रदर्शन किया जाएगाद्य



## प्रधानमंत्री के 9 वर्ष के कार्यकाल से देश में वही विकास की धाराः सांसद



इटारसी // सांसद राव उदय प्रताप सिंह एक दिवसीय प्रवास पर इटारसी आए यहां उन्होंने तीन विधायकों की मौजूदगी में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते पीएम मोदी के 9 वर्षों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि कश्मीर मुद्दा अयोध्या मुद्दा तीन तलाक जैसे मुद्दे प्रधानमंत्री मोदी के रहते हुए संभव हो सके हैं , मोदी के प्रधानमंत्री रहते हुए गरीबों को निजी अस्पतालों में इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड बनाए गए साथी ही साथ गरीबों के लिए रोजगार एवं अन्य सुविधाओं का भी ध्यान दिया गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 वर्ष के कार्यकाल में देश ने हर क्षेत्र में प्रगति की है, बड़ी से बड़ी समस्याओं का समाधान किया है, सबसे बड़ी बात यह है कि देश से भ्रष्टाचार लगभग समाप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने देश के पुराने से पुराने ज्वलंत मुद्दों को सुलझाया है। मोदी जी ने कश्मीर समस्या, अयोध्या के राम मंदिर की समस्या ,तीन तलाक जैसे अनेक मुद्दों को सुलझाया है यह मुद्दे देश में 70 सालों से उलझे हुए थे। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास के रूप में करोड़ों गरीबों को आवाज दिए गए। देश में 13 करोड़ से अधिक शौचालय बनाए गए ,किसान ,मजदूर ,महिलाओं युवाओं, सहित हर वर्ग के लिए प्रधानमंत्री जी ने काम किया है।

## ग्राम जलकुवा में कृषि नमामि आजीविका फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी का हुआ शुभारंभ





खण्डवा। मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जनपद पंचायत पंधाना के अंतर्गत गठित आजीविका सहायता समूह के सदस्यों ने कृषि क्षेत्र में नवाचार करते हुए परंपरागत खेती को छोड़कर ओषधीय खेती को नया रूप देने हेतु कृषि नमामि आजीविका फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी का गठन कर अपना पंजीयन पूर्ण कराया महिला फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के शुभारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया सर्वप्रथम मां सरस्वती जी का पूजन अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया तत्पश्चात उपस्थित अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया स्वागत पश्चात लोकप्रिय विधायक श्री राम दांगोरे ने अपने उद्बोधन में कहा ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के लिए समूह एक संजिविनी के रूप में आया है समूह की दीदियां अपना उत्पाद बनाकर स्थानीय स्तर पर दुकान पर विक्रय करते हुए अन्तर्राष्ट्रीय स्तर तक अपना उत्पाद को बेचने का सफर तय करने हेतु समूह सदस्यों का मार्गदर्शन किया गया तत्पश्चात महिला फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी की अध्यक्ष पुष्पा कोगे द्वारा कंपनी बनाने का सपना समूह में जुड़ने के बाद पूरा करने के हेतु अपना अपना अनुभव सांझा करते हुए कहा कि कृषि क्षेत्र में बेशर्म छोड़कर बाकी सभी औषधीय फसलों खरीदने के लिए कम्पनी हमेशा तैयार रहेगी कार्यक्रम जनपद पंचायत अध्यक्ष सुमित्रा काले,शेखर पटेल मंडल अध्यक्ष, राजेंद्र पटेल जनपद सदस्य, ग्राम जलकुवा सरपंच सजन बाई, संजय सिंह पवार समाजसेवी, बालाकुलकर्णी मंडल उपाध्यक्ष सिंगोट, अश्विनी साहू पूर्व जिला मंत्री, जगदीश पटेल सरपंच सिंगोट, राम शंकर तिवारी मंडल उपाध्यक्ष गणेश पटेल सरपंच अंबापाट, राजेंद्र सिंह मंडल महामंत्री,छाया बाई मोरे जनपद सदस्य बोरगांव बुजुर्ग, जिला परियोजना प्रबंधक श्री धर्मेन्द्र भदोरिया,जिला प्रबंधक श्रीमती नीलिमा सिंह भदोरिया,विकासखंड प्रबन्धक मीनुसिंग चौहान आदि उपस्थित रहे।

## सदस्यता का पता नहीं, सपने विधानसभा के, एक तरफ सरकारी नौकरी दूसरी ओर कोतमा विधानसभा



शहडोल। शिक्षा विभाग मे करोडो के खायनात और गबन,चापलूसी,जी हुजूरी, दादागिरी और सभी वरिष्ठ अधिकारियो को अपनी विशेष प्रकार के उपहारो से सुसज्जित तोहफा पहुंचने मे महारत हासिल करने वाले द्रोणाचार्य मुन्ना भैया इन दिनों अपने ही क्षेत्र की जनता मे सवालों के रूप मे जनचर्चा मे बने हुए है आलम यह है कि जहाँ इनके द्वारा सोशल मीडिया मे अपने आपको प्रबल दावेदार और जनता की पहली पसंद बताने का ढोंग रचा जा रहा है तो वही दूसरी ओर इन्ही की जनता के बीच उठी एक जनचर्चा मे इनकी सदस्यता से लेकर विधायकी सवालों मे पिरो दिया गया है जनचर्चा मे आई एक बात के अनुसार इनकी सदस्यता तक नहीं है तो वही जहाँ इनके द्वारा अपनी प्रमुख दावेदारी भाजपा के रूप मे बताई जा रही है उसको भी इनकी क्षेत्र की जनता ने झूठा सिद्ध किया है हालांकि इस बात मे कितनी सत्यता है इसकी पुष्टि हम नहीं करते परन्तु यदि ऐसा है तो निश्चित ही यह एक षड़यंत्र की श्रेणि मे आता है और इसपर जनता को जागरूक होकर एक सही और जनता के सुख दुख के साथी को अपना दावेदार के रूप मे चुने जाने की जरुरत है।

### शाशकीय सेवा में रहकर राजनितिक गालियारे में कूच

आपको बता दे अपनी पूरी सेवा शिक्षा विभाग मे करोडो के हेरफर करने और खुद को शाशकीय धन मे कुंडली मारकर कही किसी की नियम विरुद्ध नियुक्ति तो कही किसी का दादा बनकर दबाने मे बिताने के बाद हालही मे अनूपपुर मे बतौर सहायक संचालक के पद पर आसीन किया है वो बात अलग है की इन्होने कभी मे शहडोल जिला का दामन छोड़ा ही नहीं साथ ही हमेशा से ही शाशन द्वारा डीपीसी के पद पर नये अधिकारी को पदासीन करने के बावजूद भी उसको दबाकर खुदको ही डीपीसी का मालिक बताया जा रहा है वही सूत्रों की माने तो आज भी इनका मोह शहडोल जिले से छूट नहीं रहा है तभी तो आये दिन इनको जिला मुख्यालय तो कही डीपीसी ऑफिस तो कही कलेक्ट्रेट के फेरे मारते देखा जा सकता है तो वही इन दिनों इनकी कूच शाशकीय सेवक रहते हुए राजनितिक गलियारों मे बतौर विधयाक के प्रबल दावेदार के रूप मे देखी जा सकती है जबकि नियमो की माने तो लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 129 व 134 ((क)) के प्रावधानों के अनुसार राज्य एवं केंद्र सरकार के कर्मचारी राजनीतिक गतिविधियों में हिस्सा नहीं ले सकते। संलिप्तता पाए जाने पर अधिनियम की धारा 129 के तहत दंडात्मक कार्रवाई, छह माह का कारावास जबकि धारा 134 क के उल्लंघन पर तीन माह का कारावास या जुर्माना अथवा दोनों सजाओं से दंडित किया जा सकता है।

जिसका जीता जागता उदाहरण एक कर्मचारी पर कार्यवाही है जो दिनांक 27 मार्च 2023 को डॉ आनंद राय जो चिकित्सा अधिकारी हुकुमचंद हॉस्पिटल इंदौर में पदस्थ थे , जो व्यापम घोटाले के "Whistleblower" थे एवं राजनीतिक गतिविधियों में सम्मलित थे7 इनको शासन ने सिविल सेवा आचरण अधिनियम 1965 का हवाला देते हुए शासकीय सेवा से पृथक कर दिया गया है7

### आखिर प्रशाशन कार्यवाही मे क्यों कर रहा गुरेज

लगातार जहाँ खबरों मे माध्यम से शाशन के समक्ष प्रमाणित दस्तावेजों सहित सारी सच्चाई सामने लाई जा रही है तो वही जिले से लेकर संभाग तक मे बैठे वरिष्ठ अधिकारी भी इनके नाम पर कारवाही करने मे गुरेज खा रहे है आलम यह है की इनके नाम पर कार्यवाही करना तो दूर बात करना भी लाजमी नहीं समझते अब इसको प्रशाशन की उदासीनता का रूप दे या फिर इनकी विशेष आवभागत का रूप खैर हमारा कर्तव्य है शाशन के समक्ष सारे बातो को सामने लाना वो तो हम करेंगे और आशा करते है की एक कर्तव्य निष्ठ पद की शपथ को ध्यान मे रखकर गलत को गलत कहाँ जावेगा 7

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक वृत्त - 2 ईटखेड़ी सड़क तहसील-हुजूर , जिला भोपाल भोपाल**

क्रमांक Q / रा.नि वृत्त-2 / ईटखेडीसड़क / भोपाल / 2023 दिनांक 30/05/2023

सूचना-पत्र

1. सुरेश पुत्र अमरसिंह मीना निवासी विशनखेडी, 2. श्रीमति आरती विदेह पत्नी मनीष विदेह निवासी भोपाल, 3. विनीता लिखी पत्नी अजय लिखी बी-27 अल्कापुरी हबीबगंज भोपाल

4. अचल श्रीवास्तव आ. अंजनी कुमार श्रीवास्तव निवासी 2सी / 803 एनजी सनसिटी फेस 2 ठाकुर विलेज धीवली ईस्ट मुंबई, 5. शिवदत्त शुक्ला पुत्र सुंदरलाल शुक्ला निवासी सी-4 डॉक्टर्स बंगले ईदगाह हिल्स भोपाल, 6. डा छाया बुधवानी पत्नी केएस बुधवानी नि0 सी-5 डा बंगले ईदगाह हिल्स भोपाल, 7. नरेंद्र प्रतापसिंह पिता रामयशसिंह पता 100 शरीफ पटना, 8. सदाराम पिता मिठ्ठलाल निवासी विशनखेडी,9. कैलाश कौशल पिता विरदीचंद कौशल निवासी भोपाल, 10. श्रीमति लवलीन कौर पुत्री जेतेंद्र सिंह चावला पत्नी रविकुमार व गुरविंदर कौर पत्नी तेजेंद्रसिंह चावला निवासी 12 अशोक रोड सिविल लाइंस सागर, 11. हरिसिंह पिता दुर्गाप्रसाद निवासी विशनखेडी, 12. राजाराम पिता पन्नालाल निवासी भोपाल, 13. जगदीश पुत्र पन्नालाल निवासी विशनखेडी, 14. प्रसादी पिता पूरनलाल निवासी विशनखेडी भोपाल, 15. चिरौंजीलाल पिता फुंदीलाल निवासी भोपाल, 16. भुवनेंद्र कुमार शर्मा पिता तुलसीराम शर्मा व अन्य निवासी 89 एलआईजी 89 सेक्टर सी साकेत नगर भोपाल, 17. मोहम्मद ताहिर खान पिता नौशेखान पता 79 शाहजहानाबाद भोपाल, 18. अंसार अहमद नसीम अहमद अफाक अहमद अख्तर अहमद पिता अशफाक अहमद वगैरह नि. भोपाल, 19. गुलाबबाई पत्नी जगदीश मीना विशनखेडी भोपाल, 20. जयन्त शुक्ल वैभव शुक्ल पिता शिवदत्त शुक्ल पता सी-4 डाक्टर्स कालोनी ईदगाह हिल्स भोपाल, 21. अजीजा बी पत्नी मुर्तजा खॉ नि. भोपाल, 22. गौरियाबाई पत्नी हरभजन वगैरह नि. भोपाल, 23. मौली सक्सेना पत्नी दीपरतन सक्सेना नि0 सनसिटी एयरपोर्ट रोड भोपाल, 24. श्रीमति शोभा जैन पत्नी जय भगवान जेन नि0 बी-93 सेक्टर रजत विहार नोएडा, 25. प्रकाशचंद्र जैन पिता सुंदरलाल जैन नि. 112 बीडीए कालोनी कोहेफिजा भोपाल, 26. पंकज मलिक पुत्र एनसी मलिक नि0 ई-4 अरेरा कालोनी भोपाल, 27. डा विधात्री तिवारी पत्नी संजय प्रकाश तिवारी नि. ई-1 बीयू भोपाल, 28. ज्योति त्रिवेदी पत्नी सत्यप्रकाश त्रिवेदी सिकंदराबाद आंध्रप्रदेश 29. श्रीमति कुसमा कटियार पत्नी जेएन कटियार सरदापुर जिला कानपुर भोपाल

उपरोक्तानुसार आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक ओमप्रकाश आ. नन्नूलाल निवासी विशनखेडी भोपाल की ग्राम परेवाखेडा पटवारी हल्का नम्बर 17 तहसील हुजूर जिला भोपाल स्थित खसरा नं. 319, 351, 358/1/2,358/1/3,358/1/1,358/2,357/1, 363/1/1, 375/1 ,375/2 रकबा क्रमशः 0.7900 हे.. 0.6900 हे., 0.0500 हे. 0.1500 हे., 0.0700 हे., 0.0800 हे. 0.4700 हे., 0. 0300 हे., 0.0900 हे., 0.2300 हे. भूमि के सीमांकन करने हेतु आदेशित किया गया है। उक्त सीमांकन दिनांक 03 .06.2023 को समय दोपहर 3.30 बजे किया जाना सुनिश्चित किया गया है। पड़ोसी कृषक होने के नाते आपको सूचित किया जाता है कि आप उक्त स्थल पर उपस्थित होकर अपना पक्ष समर्थन कर सकते है। अनुपस्थिति की दशा में सीमांकन कार्य स्थगित नहीं किया जावेगा। अति आवश्यक शासकीय कार्य होने के कारण सीमांकन तिथि बढ़ाई जा सकेगी।

राजस्व निरीक्षक
वृत्त - 2 ईटखेडी सडक तहसील-हुजूर जिला-भोपाल

## किलिच ड्रग्स (इंडिया) लिमिटेड ने वित्त वर्ष 23 की चौथी तिमाही के मुनाफा में 69.87 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की

**मुंबई, एजेंसी।** भारत और इथोपिया में इंजेक्टेबल की एक प्रमुख एमएसएमई मल्टीनेशनल निर्माता,किलिच ड्रग्स इंडिया लिमिटेड ने वित्त वर्ष 23 की चौथी तिमाही और वर्ष 23 के अपने ऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है । हमने शुद्ध लाभ में 69.87 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है, जो इस अवधि के दौरान हमारे प्रोडक्ट्स की बढ़ी हुई मांग के कारण होने की उम्मीद है । मैं विशेष रुप से हमारे कीमत में सुधार करने और सख्त लागत नियंत्रण के हमारे प्रयासों से प्रसन्न हूं, जिससे हमारी एबिटडा मार्जिन में प्रभावशाली 9400 बेसिस प्वाइंट का सुधार आया है 7यह उपलब्धि हमारी टीम के समर्पण और हार्ड वर्क का परिणाम है । आगे देखने पर हमें विश्वास है कि हमारे सकारात्मक मोमेंटम आगामी वर्षों में भी जारी रहेंगे ग्रोथ का हमारा कमिटमेंट हमारी चल रही क्षमता विस्तार योजनाओं से प्रमाणित होता है जिसका उद्देश्य दोनों घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों की बढ़ती मांग पूरी करना है ।

## ग्रेसिम सेल्युलोसिक डिवीजन विलायत ने प्राप्त किया सीआईआई-आईटीसी पुरस्कार

**मुंबई, एजेंसी।** ग्रेसिम सेल्युलोसिक डिवीजन , विलायत ने उत्कृष्ट पर्यावरण प्रबंधन के लिए प्रतिष्ठित सीआईआई-आईटीसी पुरस्कार प्राप्त किया। यह पुरस्कार माननीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री, भारत सरकार श्री नितिन गडकरी द्वारा श्री आशीष गर्ग, यूनिट प्रमुख, जीसीडी विलायत एवं सुश्री शैली गर्ग, टेक्निकल सेवा प्रमुख (टेक्निकल सर्विसेस हेड), जीसीडी को 17 वें सीआईआई-आईटीसी सस्टेनबिलिटी अवार्ड्स समारोह में प्रदान किया गया। समारोह में देश के कई प्रतिष्ठित और ख्यात सीईओ, ज्यूरी मेंबर्स व मूल्यांकनकर्ता शामिल थे। उल्लेखनीय है कि सीआईआई-आईटीसी सस्टेनबिलिटी अवार्ड्स देश के सबसे विश्वसनीय सस्टेनबिलिटी पुरस्कार हैं।

## आपके फर्श के सिर्फ 1 वर्ग फुट हिस्से में हो सकते हैं बीमारी पैदा करने वाले लाखों कीटाणु

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** भारत का अग्रणी कीटाणुनाशक ब्रांड लाइज़ोल, और भारत की अग्रणी सरकारी रिसर्च एजेंसी, काउंसिल ऑफ़ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च इंस्टीट्यूशन इंस्टीट्यूट ऑफ़ जीनोमिक्स एंड इंटीग्रेटिव बायोलॉजी ने संयुक्त रूप से भारतीय घरों में कीटाणुओं और रोगजनकों की उपस्थिति का विश्लेषण करने के लिए एक अध्ययन किया है। अध्ययन में भारतीय घरों के फर्श पर कई तरह के कीटाणु पाए गए। रिसर्च टीम ने भारतीय घरों में कीटाणुओं की उपस्थिति का अध्ययन किया है। इसमें पाया गया है कि अलग-अलग कमरों के फर्श बीमारी पैदा करने वाले कीटाणुओं जैसे एस्चेरिचिया कोलाई, मोरेक्सेला एसपीपी, ब्रेवुंडिमोनस एसपीपी, एसिनेटोबैक्टर एसपीपी के घर होते हैं। शोध से यह भी पता चला कि हमारे घरों की सतह पर 1000 से अधिक प्रकार के बैक्टीरिया और 200 प्रकार के वायरस मौजूद हैं।

## एचडीएफसी बैंक ने 2 विशेष कार्यकाल के लिए फिक्स्ड डिपॉजिट योजनाएं शुरू की

**मुंबई, एजेंसी।** भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक ने आज 35 और 55 महीनों दो विशेष अवधि वाली सावधि जमा (फिक्स्ड डिपॉजिट) योजनाएं शुरू करने की घोषणा की। विशेष अवधि फिक्स्ड डिपॉजिट योजनाओं का लाभ 2 करोड़ रुपये से कम जमा पर लिया जा सकता है । ग्राहक 35 महीने (2 साल और 11 महीने) के लिए फिक्स्ड डिपॉजिट पर 7.20 प्रतिशत ब्याज और 55 महीने (4 साल और 7 महीने) के लिए फिक्स्ड डिपॉजिट पर 7.25 प्रतिशत ब्याज का लाभ उठा सकते हैं। इसके अलावा, वरिष्ठ नागरिक ग्राहक स्वीकृत ब्याज दर के अलावा 0.5 प्रतिशत तक अतिरिक्त ब्याज मार्जिन का लाभ उठा सकते हैं। इस अवसर पर श्री रवि संथानम, सीएमओ, हेड-कॉर्पोरेट कम्युनिकेशंस, हेड-लायबिलिटी प्रोडक्ट्स एंड मैनेज्ड प्रोग्राम्स ने कहा एचडीएफसी बैंक अपने ग्राहकों को बेहतरीन बैंकिंग अनुभव प्रदान करता है।

## अमेजन फ्रेश 1 से 7 जून के बीच सुपर वैल्यू डेज़ लेकर आया

**मुंबई, एजेंसी।** गर्मी के इस सीजन में आइये विभिन्न तरह के स्वादिष्ट एवं ताजा फलों का आनंद लेते हैं। इनका ताजगी भरा अहसास आपको चिलचिलाती गर्मी और पसीने से राहत दिलाएगा। अमेजन फ्रेश 1 से 7 जून के बीच सुपर वैल्यू डेज़ लेकर आया है, जिसमें आपको रसदार तरबूज से लेकर स्वादिष्ट आम तक, और क्रिस्पी खीरे से लेकर चटपटी शिमला मिर्च तक, सीज़न के सभी पसंदीदा फलों और सब्जियों का भरपूर आनंद मिलेगा। तो आइये, इस सुपर वैल्यू डेज स्टोर से अपने सभी पसंदीदा फलों, सब्जियों और गर्मियों के व्यंजनों की खरीदारी कीजिए और ऐसे व्यंजन तैयार कीजिए जो इस गर्मी के मौसम में आपको ठंडा और सेहतमंद रखने में मदद करे। सुपर वैल्यू डेज़ के दौरान ग्राहक सुपर सेवर ऑफ़र के साथ सीज़न की सभी जरूरी चीजों की खरीदारी कर सकते हैं।

## सलीम-सुलेमान ने टाटा मेमोरियल सेंटर और दिल्ली पुलिस के साथ म्यूजिकल एंथम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ग्लोबल यूथ टोबैको सर्वे-4 के मुताबिक भारत में 38 प्रतिशत सिगरेट पीने वालों, 47 प्रतिशत बीड़ी पीने वालों और 52 प्रतिशत धुआं रहित तम्बाकू का सेवन करने वालों ने अपने 10वें जन्मदिवस से पहले ही इनका उपयोग करना शुरू कर दिया था। विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर, एपेक्स कैंसर अस्पताल, टाटा मेमोरियल सेंटर (टीएमसी) ने बॉलीवुड म्यूजिक कंपोजर सलीम-सुलेमान के साथ मिलकर राष्ट्रीय स्तर पर एक नया गाना आज जिंदगी जीते हैं को लॉन्च किया है। इसका उद्देश्य संगीत की वैश्विक भाषा का उपयोग कर युवाओं के साथ जोड़ना और तम्बाकू मुक्त स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना है। माननीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री, भारत सरकार, श्री मनसुख मंडाविया ने राष्ट्रीय स्तर पर अभियान के ऑडियो-म्यूजिक को लॉन्च किया। इस गाने को प्रसिद्ध गीतकार इरफान सिद्दकी ने लिखा है ।

## महिन्द्रा युनिवर्सिटी और नॉर्वे की युनिवर्सिटी ऑफएगडर ने रोबोटिक्स में एम.टेक प्रोग्राम शुरू करने के लिए गठबंधन किया

**नयी दिल्ली/ हैदराबाद, एजेंसी।** उत्कृष्टता और नवप्रवर्तन को लेकर अपनी प्रतिबद्धता के लिए प्र यात अग्रणी शैक्षणिक संस्थान महिन्द्रा युनिवर्सिटी, रोबोटिक्स में मास्टर ऑफटेक्नोलॉजी (एम.टेक) प्रोग्राम शुरू करने की घोषणा कर उत्साहित है। यह अग्रणी प्रोग्राम नॉर्वे की युनिवर्सिटी ऑफएगडर की साझीदारी में शुरू किया जा रहा है। युनिवर्सिटी ऑफएगडर एक प्रतिष्ठित संस्थान है जिसका खास जोर रोबोटिक्स एवं टेक्नोलॉजी पर है। रोबोटिक्स में इस एम.टेक प्रोग्राम को इस तरह से डिजाइन किया गया है जिससे विद्यार्थी तेजी से बढ़ रहे रोबोटिक्स के क्षेत्र में उन्नत ज्ञान और व्यवहारिक कौशल से युक्त हो सकें।

## अपनी फिटनेस बनाए रखने के दिलचस्प और आसान तरीके

**मुंबई, एजेंसी।** फिटनेस के लिए हमेशा एक सी दिनचर्या बनाए रखना कभी-कभी काफी नीरस हो जाता है। ऐसे अनेक दिलचस्प और आसान तरीके मौजूद हैं, जो आपकी फिटनेस की दिनचर्या को नया और आकर्षक बनाकर रख सकते हैं। बादाम प्रि-वर्कआउट के लिए आसान और पोषण से भरपूर स्नैक्स हैं। इनमें स्वस्थ फैट, प्रोटीन और फाईबर पाया जाता है, जो आपके वर्कआउट के लिए सतत ऊर्जा प्रदान कर सकता है। वर्कआउट से पहले मुट्ठीभर बादाम खाने से आपके शरीर में ऊर्जा बनी रहती है और आप अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पाते हैं। स्नैक्स को संतुलित रखने के लिए आप बादाम के साथ फल भी ने सकते हैं, ताकि आपको कार्बोहाईड्रेट और प्रोटीन दोनों मिल सकें और आप पूरे वर्कआउट में ऊर्जावान बने रहें। पोषण पर हाल ही में किए गए एक शोध में सामने आया है कि दिन में बादाम खाने से शक्ति बनी रही और वर्कआउट के सत्र के बाद व्यायाम के कारण होने वाली थकान कम हुई।

# एसर ने भारत में गूगल टीवी की शानदार श्रृंखला पेश की

### नई श्रृंखला में किफायती क्यूलेड और ओलेड टीवी हैं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडकल टेक्नॉलॉजीज़ ने भारत में एसर की ओर से गूगल टीवी श्रृंखला के लॉन्च की घोषणा नई दिल्ली में एक भव्य समारोह के साथ की। इसमें विभिन्न आकारों, डिस्प्ले टेक्नॉलॉजी, और मूल्यों में विस्तृत उत्पाद श्रृंखला का प्रदर्शन किया गया। यहाँ घोषित उत्पादों में ओलेड डिस्प्ले के साथ फ्लैगशिप ओ सीरीज़ तथा बड़े वूफर्स के साथ 60-वॉट के स्पीकर सिस्टम ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। ओलेड टीवी दो आकारों, 55 इंच और 65 इंच वैरिएंट में पेश किए जाएंगे।

ध्यान आकर्षित करने वाले अन्य उत्पादों में वी सीरीज़ में एक क्रांतिकारी किफायती क्यूलेड श्रृंखला भी शामिल है, जिसके द्वारा ग्राहकों को किफायती मूल्य में क्यूलेड डिस्प्ले का आनंद लेने का मौका मिलेगा। इससे पहले क्यूलेड टीवी भारत में एक बड़ी आबादी के लिए बहुत महंगे होते थे। सबसे अच्छा आकर्षण 32 इंच का एंट्री क्यूलेड वैरिएंट था, जिसके अलावा 43 इंच, 50 इंच और 55 इंच के




सामान्य वैरिएंट भी थे।

यहाँ लॉन्च किए गए अन्य उत्पादों में आई और जी सीरीज़ के वैल्यू सेगमेंट के उत्पाद थे, जो कुछ सर्वश्रेष्ठ विशेषताओं, जैसे एमईएमसी, डॉल्बी एटमॉस और विज़न, एवं यूएचडी अपस्केलिंग तथा हाई-ब्राईटनेस और कॉन्ट्रैस्ट के साथ अन्य ब्रांडों के प्रीमियम उत्पादों को टक्कर देते हैं। इन उत्पादों का एक बड़ा आकर्षण 32 इंच और 40 इंच के आई सीरीज़ वैरिएंट्स में 16 जीबी की इंटरनल मैमोरी है, जो उद्योग का अग्रणी फीचर है, और अन्य ब्रांड के इस आकार के टीवी में मौजूद नहीं है।

लॉन्च कार्यक्रम में एक अन्य आकर्षण संपूर्ण उत्पाद श्रृंखला में बेहतर साउंड का अनुभव है। आई सीरीज़ में 32 इंच और 40 इंच के मॉडल्स में 30 वॉट के स्पीकर; और 43 इंच, 50 इंच, 55 इंच, 65 इंच एवं 75 इंच के आकारों के यूएचडी मॉडलों में 36 वॉट और 40 वॉट के स्पीकर दिए गए हैं।

साउंड के मामले में सबसे महत्वपूर्ण सुधार फ्लैगशिप साउंड सीरीज़ में किया गया। एसर की लोकप्रिय एच-सीरीज़ में अब 76 वॉट का स्पीकर सिस्टम दिया गया है, जो बेहतर बेस और ट्रेबल के साथ ज्यादा प्रभावशाली ऑडियो सेटअप प्रदान करता है।

### नाबालिग से दुष्कर्म

# पुलिस ने पास्को एक्ट में किया मामला दर्ज

**इटारसी।** हरिजन समाज की नाबालिक लड़की से जबरदस्ती दुष्कर्म करने की शिकायत इटारसी पुलिस ने दर्ज की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नाबालिक लड़की परिवर्तित नाम ( कमला )ने पुलिस को बताया कि 3 माह पूर्व से साजन भाट् मुझे अपने घर बुलाता था उसके घर में उस वक्त कोई नहीं होता था जिसका फायदा उठाकर मेरे साथ जबरदस्ती गलत काम करता था, जिसके बाद से किसी ना किसी बहाने से मुझे अपने घर बुलाकर धमकाकर साजन भाट् गलत काम करता था , मैंने हिम्मत करके सारी बात अपनी मां को बताई, इसके बाद कल पुलिस थाने जाकर घटना की पूरी जानकारी पुलिस को बताई , पुलिस ने गंभीरता दिखाते हुए 376 पास्को एक्ट में मामला दर्ज कर पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है । परिजनों से बात करने पर जानकारी प्राप्त हुई कि आरोपी पर प्रशासन से पूरा समाज आवाज उठाएगा और प्रशासन से कुमार लगाएगा की ऐसे दरिंदे आरोपी पर प्रशासन कठोर से कठोर कार्रवाई करें,आरोपी का मकान तोड़े और फांसी की सजा दे । अब देखना है कि इस गंभीर मामले में प्रशासन कितनी गंभीरता दिखता है । वही हाल ही में मध्य प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह ने दुष्कर्म को लेकर फांसी की सजा देने की बात कही है।

# चालू वित्त वर्ष में भारतीय इकॉनमी की राह आसान नहीं

### कमजोर वैश्विक अर्थव्यवस्था का पड़ेगा असर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वित्त वर्ष 2022-23 में देश की इकॉनमिक ग्रोथ ने सात फीसदी के लेवल को पार कर लिया, मगर चालू वित्त वर्ष में जीडीपी ग्रोथ को लेकर आगे की राह आसान नहीं है। इकॉनमिस्ट्स और मार्केट एक्सपर्ट्स का कहना है कि ग्लोबल इकॉनमी के जो हालात नजर आ रहे हैं, उसका असर तो भारत की इकॉनमी पर पड़ेगा ही। इसके अलावा आरबीआई ने 2000 रुपये के नोट को चलन से बाहर करने का जो फैसला किया है, उससे भी इकॉनमी प्रभावित होगी।

**थोड़ी सुस्ती की आशंका** – रेटिंग एजेंसी क्रिसिल के चीफ इकॉनमिस्ट डी. के. जोशी का कहना है कि वित्त वर्ष 2023 के लिए जीडीपी ग्रोथ का 7.2 प्रतिशत पर रहना यह संकेत देता है कि इकॉनमी उम्मीद से ज्यादा बेहतर रही है। सर्विस और एग्रीकल्चर सेक्टर ने इस तेजी में अहम भूमिका निभाई है। मगर जहां तक चालू वित्त वर्ष का सवाल है तो इसमें अर्थव्यवस्था की चाल धीमी रहकर 6 प्रतिशत तक आ सकती है। इसका अहम कारण है दुनिया में बढ़ता इकॉनमिक स्लोडाउन और उसका भारत की इकॉनमी और निर्यात पर असर। ब्याज दरों में बढ़ोतरी का रिस्क भी बना हुआ है। हालांकि, छह फीसदी की जीडीपी ग्रोथ के बावजूद भारत इस वित्त वर्ष में भी सबसे तेजी से बढ़ने वाला जी-20 अर्थव्यवस्था होगा।

**मॉनसून पर काफी कुछ निर्भर** – इक्रा की चीफ इकॉनमिस्ट अदिति नायर का कहना है कि इस बार मॉनसून कैसा रहेगा, इस बात पर इकॉनमी और महंगाई काफी निर्भर करती है। इसमें दो राय नहीं कि मार्केट में अभी डिमांड बनी हुई है। वित्त वर्ष 2024 में वित्त वर्ष 2023 की तुलना में महंगाई के मध्यम रहने की उम्मीद है जो घरेलू बजट और खपत के लिए सकारात्मक है। हालांकि, यह देखने वाली बात होगी कि होम लोन की श्वस्ध्र किस तरफ जाती है। क्या इसमें और बढ़ोतरी होती है या फिर कटौती।

## 2025 तक एचटीएन महामारी रोकने के भारत सरकार के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को सफल बनाने के लिए पूरे देश से आह्वान किया जाना है जरूरी

**नई दिल्ली , एजेंसी।** नई दिल्ली स्थित उपभोक्ता संगठन, कंज़्यूमर वॉईस द्वारा आयोजित एक राउंडटेबल में विशेषज्ञों ने कहा कि 2025 तक हाईपरटेंशन या डायबिटीज़ से पीड़ित 75 मिलियन लोगों की जाँच करने और उन्हें स्टैंडर्ड केयर में रखने की स्वास्थ्य मंत्रालय की घोषणा महत्वाकांक्षी है, लेकिन यह आज की जरूरत है। वरिष्ठ सांसदों, देश के अग्रणी मेडिकल संस्थानों के शीर्ष डॉक्टरों और सीएसओ प्रतिनिधियों ने बताया कि अगले दो सालों में स्वास्थ्य का यह महत्वपूर्ण लक्ष्य हासिल करने के लिए विभिन्न हितधारकों और मिशन मोड में कार्रवाई किए जाने की जरूरत होगी।

## सिल्वर कन्ज्युमर इलेक्ट्रिकल्स द्वारा प्राइवेट इक्विटी के दूसरे राउंड की पूर्ति, . 1,000 करोड़ का मूल्यांकन

**जबलपुर, एजेंसी।** 1981 में स्थापित सिल्वर कन्ज्युमर इलेक्ट्रिकल्स प्रा. लि. (सिल्वर) अत्यधिक विकासशील इंटीग्रेटेड कन्ज्युमर इलेक्ट्रिकल कंपनियों में से एक है जिसके व्यापक उत्पाद पोर्टफोलिओ में पंप्स, मोटर्स और फॅन्स का समावेश होता है। सिल्वर अपने परिवर्तन की कॅपेक्स सफर में आगे बढ़ रही है जहाँ कंपनी ने सक्षम आरएंडडी, सटीकता और गुणवत्ता टेस्टिंग से सर्वश्रेष्ठ गुणवत्ता वाले कन्ज्युमर इलेक्ट्रिकल प्रॉडक्ट्स के विकास और उच्च गुणवत्ता के उत्पाद की इन- हाऊस क्षमताएँ हासील की है।

## सपनों की छलांग में एक खास किरदार निभाएंगे टेलीविजन फेम रुशद राणा

**मुंबई, एजेंसी।** अपने ड्रीम जॉब की ख्वाहिश पूरी करने की खातिर एक नए शहर का रुख करने से जुड़ीं एक लड़की की चुनौतियों को सामने लाता सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का शो सपनों की छलांग राधिका का सफर दिखा रहा है, जिसका रोल टीवी एक्ट्रेस मेघा रे निभा रही हैं। अपनी नई नौकरी और सख्तमिजाज बॉस को इम्प्रेस करने और झांसी में अपने परिवार की फिक्र का ख्याल रखने के बीच संतुलन बनाते हुए राधिका अपनी ज़िंदगी के इन दो हिस्सों में बंट गई है। उसकी इस कश्मकश के बीच एक शख्स, जो न सिर्फ राधिका को चुनौती देगा बल्कि उसकी सच्ची काबिलियत भी सामने लाएगा, वो होंगे उसकी कंपनी के सीईओ राजेश नायक, जिनका रोल जाने-माने एक्टर रुशद राणा निभाएंगे।

## मिंत्रा की ईओआरएस-18 1 जून से शुरू, 6000 से ज्यादा ब्रांड्स के मिलेंगे 20 लाख स्टाईल

**मुंबई, एजेंसी।** फैशन, ब्यूटी एवं लाईफस्टाईल के लिए भारत के अग्रणी डेस्टिनेशन, मिंत्रा ने सोमवार को बताया कि यह अपने ऐप पर नॉन–मेट्रो शहरों से 15 मिलियन नए यूज़र्स का स्वागत करने वाला है क्योंकि देश में लाखों ग्राहकों के लिए मिंत्रा की अर्द्धवार्षिक एंड ऑफ रीज़न सेल (ईओआरएस) 1 जून से शुरू होने वाली है, जिसमें 6,000 से ज्यादा अग्रणी घरेलू, अंतर्राष्ट्रीय और डी2सी ब्रांड्स के 20 लाख से ज्यादा फैशन, ब्यूटी और लाईफस्टाईल उत्पाद उपलब्ध होंगे। कंपनी सबसे ज्यादा भीड़ के वक्त एक साथ 9 लाख ग्राहकों को संभाल सकेगी। मिंत्रा पर 17,000 से ज्यादा किराना पार्टनर्स का मेन्सा नेटवर्क पूरे देश में सुगम डिलीवरी संभव बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## मैकडॉवेल और सिग्नेचर सहित लोकप्रिय ब्रांड्स से मोनो कार्टन हटाए

**मुंबई, एजेंसी।** देश की अग्रणी बेवरेज एल्कोहल कंपनी, डियाजियो इंडिया ने मैकडॉवेल और सिग्नेचर सहित अपने कई स्पिरिट्स ब्रांड्स से चरणबद्ध रूप से मोनो कार्टन हटाने के अगले चरण की घोषणा की। बी ए प्लानेट हीरो अभियान में उपभोक्ताओं को संलग्न कर कचरे को कम करने और डियाजियो के 10 वर्षीय ईएसजी एक्शन प्लान, सोसायटी 2030– स्पिरिट ऑफ प्रोग्रेस में योगदान दिया जाएगा, ताकि एक ज्यादा समावेशी और सस्टेनेबल विश्व का निर्माण हो सके, जिसमें इसके अपने कार्यों द्वारा जीरो वेस्ट टू लैंडफिल का लक्ष्य शामिल है।




बी ए प्लानेट हीरो देश के कई राज्यों में सक्रिय है और यह प्रतिवर्ष 10,000 टन पेपर की बचत कर 7,000 टन कार्बन उत्सर्जन में कमी लाएगा। इस कार्बन–लैस अनुभव की ओर परिवर्तन डियाजियो इंडिया के लोकप्रिय ब्रांड्स जैसे वैट 69, ब्लैक डॉग, ब्लैक एंड व्हाईट आदि में देखा जा सकता है।

## मिंत्रा की ईओआरएस-18 6000 से ज्यादा ब्रांड्स के 20 लाख स्टाईल्स के साथ शुरू हुई

**मुंबई, एजेंसी।** फैशन, ब्यूटी एवं लाईफस्टाईल के लिए भारत के अग्रणी डेस्टिनेशन, मिंत्रा ने सोमवार को बताया कि यह अपने ऐप पर नॉन-मेट्रो शहरों से 15 मिलियन नए यूज़र्स का स्वागत करने वाला है क्योंकि देश में लाखों ग्राहकों के लिए मिंत्रा की अर्द्धवार्षिक एंड ऑफ रीज़न सेल (ईओआरएस) 1 जून से शुरू होने वाली है, जिसमें 6,000 से ज्यादा अग्रणी घरेलू, अंतर्राष्ट्रीय और डी2सी ब्रांड्स के 20 लाख से ज्यादा फैशन, ब्यूटी और लाईफस्टाईल उत्पाद उपलब्ध होंगे।कंपनी सबसे ज्यादा भीड़ के वक्त एक साथ 9 लाख ग्राहकों को संभाल सकेगी। मिंत्रा पर 17,000 से ज्यादा किराना पार्टनर्स का मेन्सा नेटवर्क पूरे देश में सुगम डिलीवरी संभव बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।मिंत्रा की सीईओ, नंदिता सिन्हा ने कहा, ''मिंत्रा के अग्रणी टेक इन्हेंसमेंट्स और फीचर्स द्वारा हम ग्राहकों के हर वर्ग, चाहे जैनज़ी हो या मिलेनियल्स या फिर टियर 2 और 3शहरों से हमारे ग्राहक या फिर सौंदर्य प्रसाधन सामग्री के चाहने वाले, हर तरह के ग्राहकों को हम अतुलनीय ऑफर और बेहतरीन शॉपिंग का अनुभव प्रदान करना चाहते हैं।




# शैल लुब्रिकेंट्स ने की सपने होंगे अपने पहल शुरू करने की घोषणा

**मुंबई, एजेंसी।** फिनिश्ड लुब्रिकेंट्स के क्षेत्र में दुनिया की दिग्गज शैल ने मैकेनिक समुदाय के लिए 'सपने होंगे अपने' पहल शुरू करने की घोषणा की है जो उनके सपनों और आकांक्षाओं को पूरा करने में मदद पहुंचाएगी। इस पहल को, शैल लुब्रिकेंट्स इंडिया द्वारा हाल में कराए एक आंतरिक सर्वे का भी समर्थन हासिल है जिससे यह खुलासा हुआ था कि अधिकांश मैकेनिक्स किसी ब्रैंड के साथ जुड़ाव के लिए कई भावनात्मक पहलुओं जैसे कि आमदनी (वर्कशॉप अपग्रेड), परिवार (बच्चों की पढ़ाई और घर–परिवार की जरूरतें), पहचान (मान्यता), और हुनर (उन्नत कौशल हासिल करना) से प्रेरित होते हैं। वे इन क्षेत्रों में ब्रैंड से सार्थक सहयोग की अपेक्षा रखते हैं। अमित घुघरे, ऑटोमोटिव सेल्से एंड मार्केटिंग मैनेजर, शैल लुब्रिकेंट्स इंडिया ने कहा, शैल में हमने पिछले कुछ वर्षों के दौरान भारत के मैकेनिक समुदाय को सहयोग देने तथा सशक्त बनाने के प्रयास किए हैं। ये हर सफर को कामयाब बनाने के लिए अपने गहन अनुभवों, अपरिहार्य जानकारी और जबर्दस्त कार्य मूल्यों के चलते शैल के भरोसेमंद पार्टनर हैं। 'सपने होंगे अपने' उनके प्रयासों के प्रति हमारी सराहना है, और हमें उम्मीद है कि यह उन्हें और उनके परिवारों को जी–भरकर सपने देखने के लिए प्रेरित करेंगे। शैल शेयर ऐप से जुड़े 80,000 से अधिक मैकेनिक्स तक पहुंचने का इरादा रखने वाली पहल सपने होंगे अपने भारत में मैकेनिक्सि को वित्तीय रूप से सशक्त बनाते हुए उनके सपनों को पूरा करने तथा भविष्य मजबूत बनाने में मदद करेगी। शैल लुब्रिकेंट्स इंडिया ने 'सपने होंगे अपने' पहल के पहले विजेता की घोषणा की है। धर्मशाला के नितिन सूद का कहना है, मैं पिछले 6–7 वर्षों से शैल लुब्रिकेंट्स से जुड़ा हूं और मुझे उनकी टीम ने ही इस पहल से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। मैं अपने ग्राहकों की संख्या में बढ़ोतरी और अपनी दुकान में विस्तार कर अपनी आमदनी बढ़ाने का सपना देखता हूं।

## Monthly Compliance due date Calender for the month of June, 23



JAYANT JOSHI
EXECUTIVE MEMBER
BHOPAL TAX PRACTITIONERS ASSOCIATION
98930 81008

| Due dates | Particulars |
|---|---|
| 07-06-2023 | Due date for deposit of Tax deducted/collected for the month of May, 2023 |
| 10-06-2023 | Summary of Tax Deducted at Source (TDS) and deposited under GST laws for the month of May, 2023" |
| 10-06-2023 | Summary of Tax Collected at Source (TCS) and deposited by e-commerce operators under GST laws for the month of May, 2023 |
| 11-06-2023 | Summary of outward supplies where turnover exceeds Rs.5 crore or have not chosen the QRMP scheme for the quarter of Apr - Jun, 23 |
| 13-06-2023 | Summary of outward taxable supplies and tax payable by a non-resident taxable person |
| 13-06-2023 | Invoice Furnishing is an optional facility which enables the small registered person, furnishing the quarterly Form GSTR-1, to file their invoice details on monthly basis. |
| 14-06-2023 | Due date for issue of TDS Certificate for tax deducted under section 194-IA, 194-IB, 194M, 194S in the month of April, 2023 |
| 15-06-2023 | Due date for furnishing statement in Form no. 3BB by a stock exchange in respect of transactions in which client codes been modified after registering in the system for the month of May, 2023 |
| 15-06-2023 | Due date for furnishing of Form 24G by an office of the Government where TDS/TCS for the month of May, 2023 has been paid without the production of a challan |
| 15-06-2023 | First instalment of advance tax for the assessment year 2024-25 |
| 15-06-2023 | Certificate of tax deducted at source to employees in respect of salary paid and tax deducted during Financial Year 2022-23 |
| 20-06-2023 | Summary of outward supplies, ITC claimed, and net tax payable for taxpayers with turnover more than Rs.5 crore in the last FY or have not chosen the QRMP scheme for the quarter of Apr - Jun, 23 |
| 20-06-2023 | Summary of outward taxable supplies and tax payable by a person supplying OIDAR services |
| 30-06-2023 | Return of Deposits. Every company needs to file this return furnishing information about deposits and/or outstanding receipt of loan or money other than deposits |
| 30-06-2023 | Due date for furnishing of challan-cum-statement in respect of tax deducted under section 194-IA, 194-IB, 194M, 194S in the month of May, 2023 |
| 30-06-2023 | Return in respect of securities transaction tax for the financial year 2022-23 |
| 30-06-2023 | "Deadline for linking PAN with Aadhaar to avoid PAN becoming inoperative |
| 30-06-2023 | Furnishing of Equalisation Levy statement for the Financial Year 2022-23 |
| 30-06-2023 | All IEC holders are now legally required to update and validate their IEC Details, even if there are no changes, from April to June once every year through the online system, failing which their IEC shall be deactivated and no import or export activity will be possible. |

# ट्रायकलर इंडिया शॉसपायल ने बारको की प्रोजेक्शन टेक्नोलॉजी का उपयोग कर अंडमान एवं निकोबार की जेल को अद्भुत बनाया

### तल्लीनता भरा अनुभव पैदा करने के लिए 5 डीएलपी लेज़र प्रोजेक्टरों का उपयोग

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** अंडमान एवं निकोबार द्वीपों की सेलुलर जेल ने पर्यटकों का अनुभव बढ़ाने और स्थानीय उद्योग का सहयोग करने के लिए एक इमर्सिव मल्टीमीडिया प्रोजेक्शन मैपिंग आधारित साउंड एंड लाइट शो शुरू किया है। अत्यधिक लोकप्रिय और ऐतिहासिक पर्यटक स्थल इस जेल को देखने प्रतिदिन 1500 से अधिक लोग आते हैं। इस प्रोजेक्ट का सिस्टम इंटीग्रेटर और ट्रायकलर इंडिया शॉसपायल प्राइवेट लिमिटेड की रचनात्मक टीम ने इस जेल के शानदार मुखौटे पर दर्शनीय प्रोजेक्शन मैपिंग को ताकत प्रदान करने के लिए प्रोजेक्ट मैपिंग एवं विजुअलाइजेशन टेक्नोलॉजी में विश्व की अग्रणी बारको के प्रोजेक्टर चुने हैं।

श्कालापानीश् के तौर पर भी जानी जाने वाली सेलुलर जेल अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह में स्थित अंग्रेजों के ज़माने की जेल है जिसका निर्माण अंग्रेजों द्वारा 19वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में कराया गया था और यह भारत के स्वतंत्रता आंदोलन का एक प्रतीक और एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल बन गया है।

इस सेलुलर जेल पर यह शो मौजूदा पारंपरिक साउंड एंड लाइट शो का एक बड़ा उत्थान है जिसमें जेल की दीवारों पर बेसिक लाइटिंग इफेक्ट के साथ ही एक पारंपरिक साउंड सिस्टम पर वॉयस ओवर शामिल है। एक दशक से भी अधिक समय से दर्शनीय विजुअल्स के निर्माण के बारको के इतिहास को देखते हुए इस ब्रांड को अनूठी प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए अंतरराष्ट्रीय मानकों पर मौजूदा साउंड एंड लाइट शो को मल्टीमीडिया शो में अपग्रेड करने का काम सौंपा गया। इस परियोजना का खास उद्देश्य इतिहास को सामने लाना, इस सेलुलर जेल की मार्मिक कथा को पेश करना और इस ऐतिहासिक स्थल को अंतरराष्ट्रीय पर्यटन के नक्शे पर स्थापित करना है।

# डीन की लापरवाही के कारण पेरामेडिकल कालेज छात्र-छात्राओं का भविष्य अंधकारमय

## पैरामेडिकल की छात्राओं के हित में एनएसयूआई ने खोला मोर्चा कलेक्ट्रेट परिसर में किया उग्र प्रदर्शन



**छिन्दवाड़ा।** प्रदेश में सत्तासीन भाजपा की सरकार में युवाओं और छात्र-छात्राओं का भविष्य अंधकार में है। विगत 18 वर्षों से शासकीय विभागों में शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों के पद रिक्त है किन्तु अभी तक उन पदों को नहीं भरा जा रहा है, जबकि योग्य और पात्र उम्मीदवार उम्रदराज हो रहे हैं जिसके चलते उनकी पात्रता समय के साथ समाप्त हो रही है, जबिक मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के संरक्षण में विभिन्न भर्ती परीक्षाओं में घोटाले, छात्रवृत्ति में घोटाला और शैक्षणिक संस्थाओं में परीक्षाओं को आयोजित नहीं कर संस्थागत (बीएमएलटी/डीएमएलटी) शिक्षा प्राप्त करने वाली छात्राओं का भविष्य भी बर्बाद किया जा रहा है, इसके लिये प्रदेश की भाजपा सरकार जिम्मेदार है। जिला एनएसयूआई द्वारा पैरामेडिकल में अध्ययनरत (बी. एम. एल. टी./डी. एम. एल. टी.) की लंबित प्रथम वर्ष की परीक्षायें आयोजित नहीं किये जाने के विरोध में आज कलेक्ट्रेट परिसर के सामने उग्र प्रदर्शन कर धरना दिया। मेडिकल कॉलेज के डीन को तत्काल हटाये जाने, मेडिकल कॉलेज में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के एफीलिएशन/इनरोलमेन्ट जारी कर परीक्षायें आयोजित करने की मांग की गई साथ ही लगातार तीन घंटे आंदोलन एवं विरोध प्रदर्शन के पश्चात छात्र-छात्राओं और एन.एस.यू.आई. के प्रतिनिधिमंडल के साथ एस.डी.एम. एवं मेडिकल कॉलेज के डीन के बीच हुई चर्चा के उपरांत प्रशासन के द्वारा आयोजित होने वाली परीक्षाओं को रूकवाकर सभी बच्चों का एफिलिएशन/इनरोलमेन्ट जारी कर साथ में परीक्षायें आयोजित करने का आश्वासन दिये जाने के पश्चात आंदोलन समाप्त किया गया। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष अजय ठाकुर ने आरोप लगाया कि मेडिकल कॉलेज के डीन भाजपा के इशारे पर चल रहे हैं। भाजपा शासन में छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है और डीन की लापरवाही के कारण मेडिकल कॉलेज में अध्ययनरत पैरामेडिकल के छात्र-छात्राओं का भविष्य अंधकारमय हो गया है, जिस हेतु लगातार मांग करने के बाद भी डीन ने उनकी कोई सुनवाई नहीं की, इसलिये छात्र हित में एन.एस.यू.आई. द्वारा धरना दिया गया। एनएसयूआई ने चेतावनी दी है कि यदि दो दिन के अंदर छात्रों की समस्याओं का निराकरण नहीं किया जाता है, तो एन.एस.यू.आई. सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करेगी। इस अवसर पर जिला एन.एस.यू.आई. अध्यक्ष अजय सिंह ठाकुर, नगर अध्यक्ष समर्थ मैद, नावेद खान, पीयूष शर्मा, इमरान अली, तनुल शर्मा, राहुल कसार नाना, मोन्टी खान, सत्येन्द्र, अंकित, अविनाश, नकुल, नूर, प्रफुल्ल पटेल, जैनुल खान सहित मेडिकल कॉलेज के छात्र-छात्रायें टीना चौबे, साक्षी साहू, सोनम साखरे, हर्षिका हिंगवे, रितु राठौड़, पूर्णिमा तुमराम, सुषमा वर्मा, आरजू मंसूरी, अनीता पाटिल, दीप्ति कपूर, धर्मेन्द्र पवार, चन्द्रभान रघुवंशी सहित सैंकड़ों एन.एस.यू. आई. कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# नवनिर्मित संसद का उद्घाटन राष्ट्रपति नहीं कराये जाने के विरोध में आप ने सौंपा ज्ञापन



छिंदवाड़ा। आम आदमी पार्टी जिला इकाई छिंदवाड़ा द्वारा आज नवनिर्मित संसद का उद्घाटन राष्ट्रपति से नहीं कराये जाने और उन्हे इस कार्यक्रम में आमंत्रित न करने के विरोध में कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुँचकर प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा और ज्ञापन में बाताया कि संविधान की धारा-79 ही कहती है कि संसद का मतलब ही राष्टपति, लोकसभा और राज्यसभा है। भाजपा दलित - आदिवासी समाज को अछूत मानती है, इसके तीन उदाहरण देश के सामने हैं राम मंदिर का शिलान्यास हुआ, लेकिन तत्कालीन राष्टपति रामनाथ कोविंद को नहीं बुलाया, संसद भवन का शिलान्यास हुआ तब भी उन्हे नहीं बुलाया वहीं अब नवनिर्मित संसद भवन का उद्घाटन हो गया है लेकिन वर्तमान आदिवासी राष्टपति को नहीं बुलाकर एक बार फिर तानाशाही भाजपा सरकार ने राष्टपति को ना बुलाकर एस.सी., एस.टी. दलित, आदिवासी विरोधी मानसिकता का परिचय दिया है, जिसका आम आदमी पार्टी विरोध करती है। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति विभाग ठा. प्रहलाद सिंह कुसरे, लोकसभा अध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र विश्वकर्मा, जिला सचिव राजू पाण्डे, किसान संघ जिलाध्यक्ष अरूण चैरे, जिला संयुक्त सचिव सतीश राजपूत, यूथ विंग जिलाध्यक्ष राहुल गढ़ेवाल, जिला उपाध्यक्ष यूथ विंग वीरेन्द्र डेहरिया, लोकसभा सचिव जिब्राईल बाबा विशाल मालवीय, कमलेश मालवी, राजेश लोखण्डे सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पॉढुर्ना में लचर स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर आप का धरना

**पांढुर्ना।** आम आदमी पार्टी के अनुसूचित जाति विभाग उपाध्यक्ष ठा. प्रहलाद सिंह कुसरे के नेतृत्व में पॉढुर्णा इकाई द्वारा पॉढुर्णा की लचर स्वास्थ्य वयवस्था एवं गरीब भोले भाले आदिवासियों के साथ चिकित्सकों के द्वारा लगातार किये जा रहे दुर्व्यवहार एवं समय पर उपचार नहीं मिलने के कारण आये दिन मरीजों की आकस्मिक मौत को लेकर प्रदेश के राज्यपाल के नाम दिनांक 3 जून दिन शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पॉढुर्णा में धरना आंदोलन पश्चात ज्ञापन सौंपा जायेगा। श्री कुसरे ने बताया कि इस स्वास्थ्य केन्द्र में छोटी-मोटी बीमारी का इलाज कराने के लिये आने वाले भोले भाले ग्रामीणजनों एवं आदिवासियों को यहॉ पदस्थ चिकित्सकों द्वारा बिना देखे और प्राथमिक उपचार के सीधे ही नागपुर रेफर किया जाता है। उन्होनें आरोप लगाया कि अधिकांशतः चिकित्सक अपने-अपने प्रायवेट क्लीनिकों का संचालन कर रहे हैं, और यहॉ आने वाली गर्भवती महिलाओं को सीजर ही क्यों बताया जाता है। श्री कुसरे ने प्रशासन से मांग की है ऐसे लापरवाह चिकित्सकों को तत्काल स्थानान्तरित किया जावे एवं नये चिकित्सको और स्टाफ की व्यवस्था की जावे, अन्यथा पार्टी आगामी दिनों में जनहित में उग्र आंदोलन करेगी जिसकी समस्त जबावदारी शासन प्रशासन की होगी।

# दवाईयों का वितरण कर 627 मरीजों का हुआ उपचार

**सौंसर।** लाइफ स्टाइल फॉर एनवायरमेंट के उपलक्षय नगर के अन्नाभाऊ साठे मंगल भवन में निशुल्क ब्लाक स्तरीय लाइफ स्टाइल इन्वारमेंट के द्वारा लोक स्वास्थ्य सेवा प्रदाय गतिविधि भारत सरकार आयुष मंत्रयालय के राष्ट्रीय मिशन योजना अन्तर्गत एवं आयुष विभाग म.प्र. शासन भोपाल के तत्वधान में आयुष मेले का आयोजन किया गया एसडी एम श्रेयश कुमट एसडीओपी नागरे ने दीप प्रज्वलित कर आयुष मेले का सुभारंभ किया गया आयुष मेले में आए मुख्य अतिथि विधायक विजय रेवनाथ चौरे पूर्व राज्यमंत्री नाना भाऊ मोहोड नगर पालिका अध्यक्ष सुरेखा डागा नगर पालिका उपाध्यक्ष विनोद जुनघरे युवा नेता सोपान कोहले सुनील भानगे डा राजू येमदे जिला आयुष अधिकारी डा दत्तात्रेय भदाड़े नोडल अधिकारी डा संदीप येमदे सुरेश चौरे उत्कर्ष गुप्ता डा ईस्माइल खान डा प्रमोद तेलगे डॉ. धर्मराज देशमुख डा सोनिका मिश्रा डॉ. प्रतिमा गजभिए डॉ. गायत्री प्रजापति डॉ. कामना शिव डॉ. फूलवंती पटेल आदि चिकित्सको द्वारा लोगो का उपचार कर दवाइयों का वितरण कर 627 मरीजों का उपचार किया गया।

# ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन



**बिछुआ।** प्रतिवर्ष बच्चों का खेल के प्रति रूझान बढ़ाने के उद्देश्य से गर्मी की छुट्टीयों में खेल एवं युवा कल्याण विभाग व जनजाति कार्य विभाग द्वारा निशुल्क ग्रीष्मकालीन समर कैम्पों का आयोजन किया जाता है। ताकि बच्चें पढ़ाई के साथ खेलकूद गतिविधियों में भाग लेकर उपलब्धि हासिल कर सकें। इन कैम्पों के माध्यम से प्रतिभागी खिलाड़ियों को खेलो की बारिकियों सिखाई जाती है। जिससे बच्चों में खेलो के प्रति और अधिक निपुणता आती है। मध्यप्रदेश शासन जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग छिंदवाड़ा के जिला खेल अधिकारी रामराव नागले के मार्गदर्शन व शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य सी. के. दुबे. व कन्या स्कूल प्राचार्य एम के इवने व ब्लाक समन्वयक प्रकाश डेहरिया के नेतृत्व में चल रहे ग्रीष्मकालीन समर कैम्प का समापन नगर के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मैदान में हुआ। खेल विभाग के ग्रामीण युवा समन्वयक प्रकाश डेहरिया ने प्रशिक्षण की उपयोगिता व आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विकासखंड में दो खेल वालीबाल, कराते का समर कैम्प लगाया गया था। जिसमें लगभग 130 प्रतिभागी खिलाड़ियों ने उत्साह व उमंग के साथ प्रशिक्षण लिया कैम्प में प्रतिभागी खिलाड़ियों को वालीबाल,कराते, योगा आदि खेलो का प्रशिक्षण 1 मई से 31 मई तक दिया गया। साथ ही समापन अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों के द्वारा किया गया। समापन अवसर पर ग्रामीण युवा समन्वयक प्रकाश डेहरिया, पीटीआई संजीव गौतम, सुधीर गौतम, सुभाष चन्द्र श्रीवास, श्रीमती लीना निगम, एमके चौहान, श्रीमती पूनम, रीना चौरे, बलीराम डेहरिया, दीप्ति ठाकुर, सहित अन्य के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

# व्यावसायिक क्षेत्रों में 702 प्रकार के कोर्स में प्रशिक्षण प्रदान किये जायेंगे

## कलेक्टर श्रीमती पटले की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना के अंतर्गत बोरगांव क्षेत्र के उद्योगपतियों के साथ बैठक



**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में गत दिवस बोरगांव इन्डस्ट्रियल एसोसियेशन के बोरगांव स्थित मीटिंग हॉल में बोरगांव क्षेत्र के उद्योगपतियों के साथ मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना की बैठक संपन्न हुई। बैठक में लघु उद्योग भारती की बोरगांव व पांढुर्णा इकाई के अध्यक्ष व सचिव, रेमण्ड लि.ड्रायटेक इण्डस्ट्रीज पांढुर्णा, भंसाली पॉलीमर्स, के.जे.व्ही.इण्डस्ट्रीज और अन्य औद्योगिक इकाईयों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। बैठक में अपर कलेक्टर ओमप्रकाश सनोडिया, एसडीएम सौंसर श्रेयांस कुमट, एमपीआईडीसी के सहायक यंत्री आई.जे.शुक्ला, लघु उद्योग भारती बोरगाँव इकाई के अध्यक्ष सुनील पंचोली, सचिव आर.एन.द्रविड़, लघु उद्योग भारती पांढुर्णा इकाई के अध्यक्ष नितिन देहुने एवं सचिव श्री पीयूष चोलेरा उपस्थित थे। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक जी.के.हरणे ने बताया कि बैठक में प्रतिभागी औद्योगिक इकाईयों से छात्र प्रशिक्षणार्थियों के प्रशिक्षण के लिये कार्यरत रोजगार के 15 प्रतिशत के अनुरूप रिक्तियों की जानकारी शीघ्र जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र को प्रेषित करने का अनुरोध किया गया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना के अन्तर्गत 7 जून को संभावित लांच होने वाले पोर्टल पर औद्योगिक प्रतिष्ठानों से पंजीयन की अपेक्षा की गई है। उन्होंने औद्योगिक इकाईयों को योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुये बताया कि योजना के अंतर्गत प्रतिष्ठान के पास जीएसटी क्रमांक व पैनकार्ड होना अनिवार्य है। लगभग 47 औद्योगिक, सेवा क्षेत्र व व्यावसायिक क्षेत्रों में 702 प्रकार के कोर्स में प्रशिक्षण प्रदान किया जा सकेगा। युवाओं द्वारा 15 जून से पोर्टल पर वांछित ट्रेड में प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिये पंजीयन किया जा सकेगा।जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक श्री हरणे ने बताया कि जिले में लगभग 500 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा सकेगा। औद्योगिक एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठान द्वारा पोर्टल से युवाओं का चयन किया जा सकेगा। चयनित युवाओं को 8 से 10 हजार रूपये स्टायपेंड योग्यता और कोर्स के अनुरूप प्रदान किया जा सकेगा। पोर्टल पर 12वीं उत्तीर्ण, आईटीआई, ग्रेजुएट व उच्च शिक्षा प्राप्त 18 से 29 वर्ष के युवा पंजीयन करा सकेंगे। स्टायपेंड राशि समग्र आईडी, ईकेवायसी के पश्चात डीबीटी द्वारा सीधे छात्र प्रशिक्षणार्थियों के खाते में प्रतिमाह प्रशिक्षण के उपरांत अंतरित की जा सकेगी। स्टायपेंड की 75 प्रतिशत राशि राज्य शासन द्वारा व 25 प्रतिशत राशि प्रशिक्षण प्रदान करने वाले प्रतिष्ठान द्वारा छात्र प्रशिक्षणार्थी को अंतरित की जा सकेगी। जिले के औद्योगिक व व्यावसायिक प्रतिष्ठानों व युवाओं द्वारा बड़ी संख्या में मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना का लाभ लिया जाना संभावित है।

# कक्षा 11वीं की रिक्त सीटों पर अनुसूचित जनजाति वर्ग की छात्राओं से आवेदन पत्र आमंत्रित

**छिन्दवाड़ा।** शासकीय कन्या शिक्षा परिसर छिंदवाड़ा में शिक्षण सत्र 2023-24 में अनुसूचित जनजाति वर्ग की छात्राओं से कक्षा 11वीं की रिक्त सीटों पर गणित, विज्ञान व वाणिज्य संकाय में प्रवेश के लिये आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं। पात्र व इच्छुक छात्रायें आगामी 9 जून तक कार्यालयीन समय पर संस्थान के कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकती हैं।शासकीय कन्या शिक्षा परिसर छिंदवाड़ा के प्राचार्य ने बताया कि संस्थान में कक्षा 11वीं की रिक्त सीटों पर गणित, विज्ञान व वाणिज्य संकाय में 4 सीट रिक्त हैं। इस कक्षा में प्रवेश के लिये छात्रा पूर्व कक्षा 10वीं में 60 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना चाहिये।

# आदतन अपराधी को किया गया जिला बदर

**अमरवाड़ा।** जिला पुलिस अधीक्षक विनायक वर्मा के निर्देशन में अमरवाड़ा थाना अंतर्गत कोमल पिता भैय्यालाल वर्मा उम्र 40 साल निवासी ग्राम करबडोल थाना अमरवाड़ा जिला छिंदवाड़ा थाना अमरवाड़ा क्षेत्र के ग्राम करबडोल निवासी कोमल पिता भैय्यालाल वर्मा जिसके बिरूद्ध पूर्व के समय में मारपीट, अवैध शराब बिक्री आदि के दर्जनों अपराध पंजीबद्ध हुये थे। अनावेदक के विरूद्ध जिला विरूद्ध किये जाने का प्रकरण जिला दंडाधिकारी न्यायालय छिंदवाड़ा में प्रचलित था जिसपर माननीय जिला दंडाधिकारी छिंदवाड़ा के द्वारा संज्ञान लेते हुये अनावेदक के विरूद्ध प्रचलित दांडिक प्रकरण क्रमांक / 26 / जिला बदर / 2023 में दिनांक 23/05/2023 को निर्णय पारित किया गया।

# 10 सांल से बन रहे बांध को अध्यक्ष विनोद मालवीय ने 8 महिने में किया पूरा



**परासिया।** परासिया शहर की पीने के पानी की समस्या हल होने के आसार बन गए है। 10 सांल पहले बनना शुरू हुए बांध का काम पूरा होने की कगार पर है। नई परिषद और नए अध्यक्ष विनोद मालवीय ने 8 महिने के कार्यकाल में 10 सांल से बन रहे बांध को पूरा करा दिया। नगर पालिका अध्यक्ष ने इस बाँध के काम का निरीक्षण किया। नगर पालिका अध्यक्ष के साथ उपाध्यक्ष महेश सोमकुंवर, पार्षद संतोष डेहरिया, जल कार्य विभाग के प्रभारी सतीश शर्मा, सेनेटरी इंस्पेक्टर दीपक राय और बांध के निर्माण एजेंसी के इंजीनियर मौजूद थे। गौरतलब है कि यूआईडीएसएसएमटी योजना से 11 करोड़ रुपये बांध के लिए स्वीकृत किये गए थे। 10 सांल पहले बाँध का काम शुरू हुआ था। बांध बनकर तैयार होने के बाद भारी बारिश में इसका एक हिस्सा बह गया था। इसके बाद इसके रिवाइज स्टीमेट के लिए प्रयास हुए। पिछली परिषद और प्रशासकों के ध्यान नहीं देने से योजना का काम पूरा नहीं हो पा रहा था।अध्यक्ष विनोद मालवीय ने बताया कि नई परिषद आने के बाद इस और ध्यान दिया गया। लगातार प्रयास कर बांध का काम पूरा कराया गया है। इसके बनने से परासिया की पानी की समस्या हल होगी।

### हाइड्रोलिक गेट लगेंगे

नगर पालिका अध्यक्ष ने बताया कि इस बारिश के बाद बांध के गेट लगा दिए जाएंगे। बांध में पानी स्टोर कर लिया जाएगा। इसमे लम्बी दूरी तक पानी स्टोर होगा। जिसका लाभ परासिया को मिलेगा। बांध में हाइड्रोलिक गेट लगाए जाएंगे। जिससे संचालन आसान होगा।

### छह सौ मीटर रिटर्निंग वाल बनेगी

बांध के आसपास की मिट्टी खिसकने की समस्या से निजात के लिये छह सौ मीटर रिटर्निंग वाल बनाई जाएगी। एप्रोच रोड का काम होगा।

### अमृत 2 योजना से बदलेंगे हालात

नपाध्यक्ष ने बताया कि अमृत टू योजना से हालात बदल जाएंगे। इस योजना में मंधान बांध से परासिया तक पाइप लाइन बिछेगी। नई टंकी का निर्माण होगा। घरों में नल कनेक्शन देने की व्यवस्था बनेगी।

### परिषद ने ध्यान देकर पूरा कराया काम:उपाध्यक्ष

नगर पालिका के उपाध्यक्ष महेश सोमकुंवर ने बताया कि नई परिषद बनने के बाद नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय ने बांध का काम ध्यान देकर पूरा कराया। काम अब पूरा हो रहा। नगर के पानी की समस्या इससे हल हो जाएगी।

### पानी की समस्या हल करेंगे: मालवी

नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय ने कहा कि 10 सालों की समस्या थी। पूर्व की परिषद और प्रशासकों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया था। हमने इस काम को पूरा करवाया है। इससे पानी की समस्या खत्म हो जाएगी।

# पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को आवासीय व्यवस्था के लिये आर्थिक सहायता

## विभागीय बजट में 17 करोड़ 70 लाख रूपये का प्रावधान

**छिंदवाड़ा।** प्रदेश में पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षण संस्थानों में शिक्षा प्राप्त करने के लिये पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा विद्यार्थियों की आवासीय सुविधा के लिये विशेष व्यवस्था की गई है। राज्य के प्रत्येक जिला मुख्यालय में 100 सीटर कन्या छात्रावास एवं 50 सीटर बालक छात्रावास संचालित किये जा रहे हैं। साथ ही ब्लॉक मुख्यालय में विद्यार्थियों को आवासीय सुविधा देने के मकसद से किराये के भवन में छात्रावास संचालित किये जा रहे हैं। विभाग द्वारा जिलों के लिये वर्ष 2023-24 में कन्या छात्रावास भवनों के लिये 12 करोड़ एवं बालक छात्रावास भवन के लिये 5 करोड़ 70 लाख रूपये का बजट में प्रावधान किया गया है।

### पिछड़ा वर्ग विद्यार्थी मेधावी छात्रवृत्ति

प्रदेश में पिछड़ा वर्ग के मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिये मेधावी पुरस्कार योजना नियम-2010 लागू किये गये हैं। योजना में जिला स्तर पर इस वर्ग के मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया जाता है।

# मुख्यमंत्री सामुदायिक कन्या विवाह, निकाह की हितलाभ राशि का हुआ वितरण



**छिंदवाड़ा।** मुख्यमंत्री सामुदायिक कन्या विवाह/निकाह योजना अंतर्गत दिनांक 13 मार्च 2023 को संपन्न हुआ था। इस विवाह के हितलाभ के रूप में सामग्री के स्थान पर राशि का वितरण दिनांक 01 जून को स्थानीय टाउन हॉल में किया गया। इस कार्यक्रम में नगर पालिक निगम क्षेत्र के 198 में से 150 से अधिक हितग्राहियों को राशि 27,459/- रुपए का चेक प्रदान किया गया। नगर निगम क्षेत्र के शेष हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण उनके घर जाकर किया जाएगा। जनपद क्षेत्र के 1056 चेक जिला पंचायत के माध्यम से जनपद कार्यलय भेजे गए जबकि अन्य नगरीय क्षेत्र के 50 चेक संबंधित मुख्य नगर पालिका अधिकारी को वितरण हेतु दिए गए। कार्यक्रम में नगर पालिक निगम महापौर विक्रम अहके, भाजपा जिलाध्यक्ष विवेक बंटी साहू, नेता प्रतिपक्ष विजय पांडे सहित नगर पालिक निगम के सभापति, पार्षदगण, जनप्रतिनिधि, हितग्राही एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आयुष मेले में आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक उपचार की जानकारी दी

## 152 रोगियों की ब्लड प्रेशर, 79 मरीजो की शुगर की जांच की



**परासिया।** जिला आयुष अधिकारी डॉ दत्तात्रेय भदाडे सर के निर्देशानुसार लाइफस्टाइल फ़ॉर एनवोइरेमेंट, लोक स्वास्थ्य सेवा प्रदाय गतिविधि भारत सरकार आयुष मंत्रालय के राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत एवं आयुष विभाग मध्य प्रदेश शासन भोपाल के तत्वाधान में, पेंच क्लब पुलिस स्टेशन के पास, परासिया मे खंड स्तरीय आयुष मेले का आयोजन किया गया, शिविर में प्रमुख अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय, नगर पालिका उपाध्यक्ष महेश सोमकुवर, पूर्व विधायक ताराचंद बावरिया, श्री डेहरिया, राजेश दुबे शहरी मंडल अध्यक्ष भाजपा, राकेश चौहान पूर्व पाषद, सुखनंदन जवारे, शमी बत्रा, राजकुमार सिंह, पिंटो पूर्व युवा मोर्चा, समस्त अतिथियों की उपस्थिति में दीप प्रज्जवलन, धनवंतरी पूजन के साथ मेले का शुभारभ किया गया। आयुष विभाग द्वारा अतिथि का स्वागत पुष्प माला से कर अतिथियों को औषधि पौधों का वितरण कर औषधि पौधों का महत्व बताया गया। साथ ही आयुष विभाग द्वारा आयुष कीट प्रदान की गई विभाग की योजनाएं वैध आपके द्वार, दैनिक जीवन में योगा का महत्व,योग प्रदर्शन, पोषण वाटिका, आयुष की विभिन्न पद्धति आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक उपचार की जानकारी दी गई तथा मिलेट की प्रदर्शनी लगाकर एवम मिलेट्स के व्यंजन भी प्रदर्शनी में प्रस्तुत कर दैनिक जीवन में ज्वार ,बाजरा, कोदो ,कुटकी, सावा, कंगणी शामिल करने के लिए प्रेरित किया। शिविर में नोडल अधिकारी डॉ प्रमिला यावतकर द्वारा आयुष विभाग की सभी योजनाओ के बारे मे बताया गया तथा मिलेट को दैनिक आहार में शामिल करने हेतु प्रेरित किया गया द्य शिविर मे डॉ अंकुश साहू, डॉ प्रमिला यावतकर , डॉ अनिता शिववंशी , योगा प्रशिक्षक प्रेमचंद माहोर के द्वारा आमजनों को योग का प्रशिक्षण दिया गया।साथ आयुष संस्थाएं पलटवाड़ा,मल्हनवाड, मानकदेही, उमरेठ परसिया के समस्त स्टाफ ने सेवाए दी। साथ ही 152रोगियों की ब्लड प्रेशर, 79 मरीजो की शुगर की जांच की गई।

# तम्बाकू सहित सभी प्रकार के नशा न करने का लिया संकल्प

## सर्वोदय अहिंसा ने मनाया विश्व तम्बाकू निषेध दिवस



**छिन्दवाड़ा** - हम संकल्प लेते हैं कि इस जीवन मे तम्बाकू सहित किसी भी प्रकार का नशा नही करेंगे साथ ही अपने अभिभावकों, मित्रगणों सहित समस्त रिश्तेदारों को इससे होने वाली हानियों को बताकर नशा न करने का संकल्प दिलाएंगे।मैं इस पवित्र कार्य का शुभारंभ स्वयं से एवं अपने परिवार से कर अपने घर, परिवार, समाज को नशा मुक्त बनाऊंगा, यह संकल्प लिया अहिंसा स्थली गोल गंज स्थित वीतराग भवन में चल रहे जैनत्व संस्कार आवासीय शिक्षण शिविर के 2 सौ से अधिक शिविरार्थियों सहित अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन, वीतराग विज्ञान पाठशाला सहित सर्वोदय अहिंसा के पदाधिकारियों ने विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर।कार्यशाला में सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश सयोंजक दीपकराज जैन ने सभी को तम्बाकू सहित समस्त प्रकार के नशे सम्बंधी जानकारी देकर उनसे दूरियां बनाने की अपील की, जबलपुर से पधारे पण्डित विराग शास्त्री ने प्रोजेक्टर पर तम्बाकू, गुटका, पाऊच, शराब सम्बंधी वीडियो दिखाकर उससे होनी वाली समस्त प्रकार की हानियां जैसे केंसर, मुंह का कट जाना, मुंह नही खुलना, आंतें गल जाना आदि आदि बातों से समाज को परिचित कराकर सभी दोष बताए।द्वितीय चरण में इंदौर से पधारे पण्डित संजय सिद्धार्थी ने सभी शिविरार्थियों सहित उनके अभिभावकों, शिक्षकगणों को नशे कारक सभी मादक पदार्थों सहित सप्त प्रकार व्यसनों से दूर रहकर सुखी जीवन जीने का संकल्प दिलाया।कार्यक्रम में सर्वश्री पण्डित ऋषभ शास्त्री, प्रांजल शास्त्री मुम्बई, अमन शास्त्री आरोन, रविन्द्र शास्त्री, अंकुर शास्त्री खरेडी, मयंक शास्त्री बंडा, प्रकाश अहिंसा, सुनील जैन, सचिन जैन, प्रशम जैन, गौरव पाटनी, पाठशाला संचालिका वर्षा पाटनी, स्वस्ति जैन, सिंम्पी जैन, मयूरी जैन, इशिता, संस्कृति सहित बड़ी संख्या में अहिंसा प्रेमी उपस्थित थे।

# गज़ब के नजारे दिखा रही है बंटी की दूरबीन: ओक्टे

## अतीत, वर्तमान और भविष्य सब कुछ दिख रहा है





छिन्दवाड़ा। जिला भाजपा अध्यक्ष विवेक बंटी साहू द्वारा छिन्दवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री कमलनाथ को खोजने के लिये विधानसभा के विभिन्न ग्रामों में एक दूरबीन घुमाई जा रही है और ग्रामीणों से यह भी कहा जा रहा है कि विगत चार वर्षों से लापता विधायक को ढूंढकर दिखाओं और भरपूर ईनाम पाओ, परन्तु पुष्ट सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बंटी की दूरबीन में अब गजब-गजब सीन और फोटो दिखाई दे रहे हैं जिन्हें देखने के लिये जनसैलाब उमड़ पड़ा है। बंटी की दूरबीन में बंटी साहू का अतीत, वर्तमान और आने वाला भविष्य सब कुछ दिखाई दे रहा है। एक विज्ञप्ति के माध्यम से भाजपा अध्यक्ष विवेक बंटी साहू के विधायक ढूंढों अभियान की पोल खोलते हुये जिला कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे ने बताया कि बंटी साहू की इस त्रिकालदर्शी दूरबीन में सबसे पहले बंटी साहू का अतीत दिखाई दे रहा है जिसमें वे जिले के सांसद व केन्द्रीय मंत्री श्री कमलनाथ के आगे-पीछे घूम रहे हैं, एक सीन में यह भी दिख रहा है कि दिल्ली में श्री कमलनाथ से भेंट करने के इंतजार में बंटी साहू बंगले के झाड़ के नीचे बैठे है और उनके सर पर पेंड की एक पतली टहनी गिरती है और वे बेहोश हो जाते है तब जानकारी मिलते ही कमलनाथ उन्हें दिल्ली के सबसे बड़े अस्पताल में भर्ती करवाकर उनका सिटी स्केन कराते हैं, महंगे उपचार की रिपोर्ट से मालूम होता है कि कुछ नहीं हुआ घबराहट व डर से बेहोश हुये थे।

श्री ओक्टे ने बताया कि अगले सीन में केन्द्रीय मंत्री श्री कमलनाथ नागपुर रोड में बंटी साहू के एक चौपहिया वाहन शोरूम का उदघाटन कर रहे हैं यह एजेंसी भी श्री कमलनाथ के प्रयासों से मिली है और मुख्य द्वार पर बैनर लगा है साहू परिवार आपका स्वागत करता है। हालांकि दूरबीन में और भी दृश्य दिखाई दे रहे हैं जिसमें कांग्रेसी बंटी साहू तत्कालीन पीएचई मंत्री दीपक सक्सेना के साथ अनेकों मंच और सभाओं में दिखाई दे रहे हैं। फिर अचानक सीन बदलता है और व्यक्तिगत स्वार्थपूर्ती ना होने पर बंटी विवेक साहू भाजपा में शामिल हो रहे हैं। दूरबीन में अतीत का यह सीन अत्याधिक महत्वपूर्ण है जिसमें अपने धनबल और चमचों के दम पर भाजपा के सीनियर लीडरों को कुचलकर बंटी साहू जिला भाजपा अध्यक्ष बन गये हैं। जिले में कोरोना का महाप्रकोप जारी है, भाजपा अध्यक्ष कांग्रेस को कोस रहे हैं, लेकिन दूरबीन में साफ दिखाई दे रहा है कि श्री कमलनाथ व सांसद श्री नकुलनाथ किस तरह से जिलेवासियों का जीवन बचाने के लिये रेमडेसिवर इंजेक्शन, फैबिफ्ल्यू टेबलेट और सैकड़ों टन ऑक्सीजन के साथ वेंटीलेटर और ऑक्सीजन सिलेंडर की अपने व्यक्तिगत खर्चे से व्यवस्था करवा रहे हैं। परन्तु हर सीन में करोड़पति बंटी साहू केवल कोसते ही नजर आ रहे हैं। श्री ओक्टे ने बताया कि दूरबीन में यह भी दिखाई दे रहा है कि गांव-गांव में ग्रामीण सड़कें, हाईस्कूल, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सहित अनेकों जनसुविधायें कमलनाथ दे रहे हैं। जरूरतमंद विद्यार्थियों की फीस, बेरोजगारों को रोजगार, बीमारों के उपचार के लिये सहायता, हर सीन में कमलनाथ-नकुलनाथ है। परन्तु एक भी ऐसा सीन नहीं है जिसमें भाजपा जिलाध्यक्ष किसी छात्र, बेरोजगार या बीमार की मदद करते दिख रहे हों।

# कमलनाथ को दूरबीन से ढूंढने से कांग्रेस का ही प्रचार कर रहे जिला भाजपा अध्यक्ष : मोहने



छिंदवाड़ा। जिला भाजपा के अध्यक्ष विवेक बन्टी साहू छिंदवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में एक दूरबीन लेकर घूम रहे है, जिसमें उन्होने आरोप लगाया कि कांग्रेस के विधायक अपनी विधानसभा में नहीं जा रहे हैं, कमलनाथ पिछले 43 साल से नेतृत्व कर रहें, चौथी पीढ़ी के लोग कमलनाथ का नाम और चेहरा पहचानते है। जिला भाजपा अध्यक्ष की दूरबीन यात्रा पर भाजपा नेता एवं लोकतंत्र सेनानी दीनदयाल मोहने ने कहा कि जो व्यक्ति 43 साल से जिले का प्रतिनिधित्व कर रहा है और प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री रहे है, उसे ढूंढने की क्या जरूरत उन्होने आरोप लगाया कि जिला भाजपा अध्यक्ष दूरबीन लेकर अप्रत्यक्ष रूप से कांग्रेस का ही प्रचार कर रहे। श्री मोहने ने कहा कि भाजपा अपनी लाईन बड़ी करे, न कि कांग्रेस की। कांग्रेस ने विज्ञप्ति जारी करते हुये बताया है कि विवेक बन्टी साहू पहले कांग्रेस में ही थे और कमलनाथ ने उनके कई व्यक्तिगत काम किये है, व्यक्तिगत स्वार्थकी पूर्ति न होने से वे भाजपा में चले गये, दूरबीन के माध्यम से कांग्रेस का ही प्रचार हो रहा है।



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ प्रसिद्ध गीतकार और लेखक मनोज मुंतशिर ने श्यामला हिल्स स्थित उद्यान में पौधरोपण किया। मुख्यमंत्री ने आम, अमरूद और जामुन के पौधे रोपे।





मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल गौर तथा पूर्व सांसद कैलाश नारायण सारंग की जयंती पर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निवास कार्यालय स्थित सभागार में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की।



साकेत नगर में पूर्व मुख्य मंत्री एवं पूर्व मंत्री बाबूलाल गौर की मूर्ति का अनावरण विधायक कृष्ण गौर ने किया।

# मनोज मुंतशिर बोले- पीएम मोदी का वास्तु शास्त्र काम कर रहा, आसुरी शक्तियां संसद से दूर हैं

**भोपाल।** गीतकार और लेखक मनोज मुंतशिर शुक्ला ने कहा, भारत के लोकतंत्र को नया घर मिल चुका है। हम सबने देखा कि इतना भव्य, इतना आकर्षक और अद्भुत भवन का निर्माण हुआ है, लेकिन कुछ लोगों को आपत्ति है कि गलत बनवा दिया। क्यों बनवा दिया। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि वे उनकी सुनें और संसद भवन में बैठने के कष्ट से दूर रखें। पीएम मोदी परंपरा पर चलने वाले व्यक्ति हैं। उन्होंने वास्तु शास्त्र के आधार पर भवन का निर्माण कराया है। वास्तु शास्त्र का पूरा ध्यान रखा गया, लेकिन हुआ क्या, लोकार्पण के पहले ही दिन 19 पार्टियों ने अपनी ही संसद में जाने से मना कर दिया। बहिष्कार कर दिया। दुनिया में ऐसा कभी नहीं हुआ। ऐसा कौन करता है। ये तो दुश्मनों वाला काम किया है आपने, लेकिन इससे यह भी सिद्ध हो गया कि मोदी जी का वास्तु शास्त्र काम कर रहा है। आसुरी शक्तियां संसद भवन से दूर हैं।

मुंतशिर ने कहा, नवाब भोपाल को अपनी पर्सनल प्रॉपर्टी समझते थे। मैं कहना चाहता हूं कि ये दोस्त मोहम्मद जैसे लुटेरे और नवाब हमीदुल्लाह जैसे आतंकी का नगर नहीं है। ये राजा भोज का नगर है। वो राजा भोज, जो पालक थे, वो राजा भोज, जो शिव भक्त थे। आज मध्यप्रदेश पर शिव का राज है। भोपाल का नाम बदलकर अब भोजपाल नहीं होगा, तो कब होगा? ये मेरी नहीं मेरे भोपाल के साथियों की मांग है। मुख्यमंत्री शिवराज जी आपने गुलामी के प्रतीक गिरा दिए। इस्लामनगर फिर से जगदीशपुर हो गया। नसरुल्लागंज फिर से भैरूंदा हो गया। हबीबगंज रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर रानी कमलापति हो गया। मैं जिस भूमि पर खड़ा हूं, ये राजा भोज का



पावन नगर है। इसकी पीड़ा ये है कि इसे आज भी भोपाल भी कहा जाता है। वही नाम जो दोस्त मोहम्मद और हमीदुल्लाह की याद दिलाता है।

### मोदी जी के प्रवक्ता बन जाएं मुंतशिरः संगीता शर्मा

मुंबई छोड़कर मोदी जी के प्रवक्ता क्यों नहीं बन जाते? जनता का स्वस्थ मनोरंजन करने के बजाय उनके मन में जहर क्यों घोल रहे हैं। ऐसे लोगों को कांग्रेस मध्यप्रदेश में कतई बर्दाश्त नहीं करेगी! इनकी मनसिकता वाली फिल्मों का टोटल बहिष्कार भी होना चाहिए! अपना ही नाम बदलकर प्रकट होने वाले मुंतशिर क्यों लोकतंत्र का अपमान कर रहे हो, क़हते हो भगवान उन लोगों को सदैव संसद से दूर रखें। अपने ही लोगों को,अपने ही देश के विपक्ष को आसुरी शक्ति कहते हो! कौन से लोक से ज्ञान प्राप्त किया है? या किसी के दबाव में बोल रहे हो?



स्व. सांसद कैलाश सारंग के जन्म दिवस पर मंत्री विश्वास सारंग ने मातृ पितृ दिवस मनाया और माता-पिताओं के पांव धोए।

# बीजेपी ने प्रदेश कार्य समिति सदस्य सुशील तिवारी को पद से मुक्त किया

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई ने प्रदेश कार्य समिति के सदस्य सागर के सुशील तिवारी को सदस्य पद के दायित्व से मुक्त कर दिया है। प्रदेश महामंत्री एवं प्रदेश कार्यालय प्रभारी भगवान दास सबनानी ने जारी पत्र में यह जानकारी दी गयी है।

मध्य प्रदेश के सागर जिले में बीजेपी नेताओं और मंत्रियों के बीच चल रही वर्चस्व की जंग विवाद के दौरान सागर महापौर के पति के मोबाइल से व्हाट्सएप ग्रुप पर शेयर किए गये मैसेज को पार्टी ने गंभीरता से लिया है। मेयर के पति सुशील तिवारी ने व्हाट्सएप ग्रुप पर लिखा था कि, मंत्री भूपेंद्र सिंह बीजेपी के नए अध्यक्ष हो सकते हैं। इस मामले में मेयर पति सुशील तिवारी 26 मई को शोकॉज नोटिस जारी किया गया था।

बता दें कि, सागर महापौर संगीता तिवारी के पति सुशील तिवारी ने अपने मोबाइल से व्हाट्सएप के एक ग्रुप में ऐसा मैसेज शेयर हुआ जिसने सियासी गलियारों में हलचल मचा दी। दरअसल, सुशील तिवारी के मोबाइल से चले इस मैसेज में लिखा था कि, भूपेन्द्र सिंह मध्यप्रदेश भाजपा के नए प्रदेश अध्यश्र हो सकते हैं। इतना ही नहीं इसके साथ ही एक पत्र भी शेयर किया गया, जिसमें बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष के किसी महिला नेत्री के घर आने-जाने का भी जिक्र किया गया था। कुछ ही देर में बात सागर से राजधानी भोपाल तक पहुंच गई और 3 दिनों के अंदर जवाब मांगा गया था। यह आदेश प्रदेश बीजेपी महामंत्री भगवानदास सबनानी ने जारी किया था। सबनानी ने ही गुरूवार रात्रि में उनके प्रदेश कार्य समिति सदस्य से मुक्त किये जाने का पत्र भी जारी किया है। जिसमें उनके जवाब को संतोषजनक नहीं पाये जाने की बात कही गयी है।

# शिवराज ने जाहिर की अपनी मंसा, इंदौर नहीं बल्कि भोपाल बने देश का सबसे स्वच्छ शहर

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की आर्थिक राजधानी मां अहिल्या की नगरी और देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर स्वच्छता में लगातार छह बार अव्वल आ चुका है। इस बार इंदौर स्वच्छता में सातवीं बार सिरमौर बनने के लिए तैयारी में झूठा है। इससे पहले मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राजधानी भोपाल के गौरव दिवस के अवसर पर अपनी मनसा जाहिर करते हुए लोगों से इंदौर को पछाड़ते हुए राजधानी भोपाल को स्वच्छता में नंबर वन बनाने की अपील की है।

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि राजधानी भोपाल में गुरुवार को गौरव दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शिरकत की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गौरव दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राजधानी भोपाल के रेलवे स्टेशन का नाम पहले हबीबगंज था, लेकिन इसे बदलकर रानी कमलापति कर दिया गया। इसके अलावा कई जगह के नाम भी बदले गए हैं। ऐसे में अब स्वच्छता के क्षेत्र में इंदौर को भी पछाड़कर राजधानी भोपाल को अव्वल लाने का प्रयास किया जाए।



**सीएम ने की ये बड़ी घोषणा–** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भोपाल सिटी को नशा मुक्त बनाया जाएगा ।यहां पर नशे पर लगाम लगाने के साथ ही अपराधों को भी खत्म किया जाएगा जो लोग इसका कारोबार करते हैं उन्हें जड़ से उखाड़ कर फेंक देंगे। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने कहा कि भोपाल में एक बड़ा सा कन्वेंशन सेंटर बनाया जाएगा ।एलिवेटेड कॉरिडोर बनाने की भी घोषणा की है। इसके लिए सड़क के हवाई मार्ग का उपयोग होगा ।यहां केवल कार और रोपवे शुरू करेंगे ।इसके साथ ही राजधानी भोपाल में इंटरनेशनल स्टेडियम बनाने की भी घोषणा की है।

# भाजपा ने 4 प्रभारी नियुक्त किए

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए 4 शहरों में भाजपा जिला प्रभारियों की नियुक्ति की है।

उज्जैन नगर में सुरेश आर्य, खरगोन में राजीव यादव, आगर मालवा में सोनू गहलोत और गुना में गोपाल आचार्य को प्रभारी नियुक्त किया गया है।

इस संबंध में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री और प्रदेश कार्यालय प्रभारी भगवानदास सबनानी द्वारा पत्र जारी किया गया है। पत्र में बताया गया है कि ये नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी।

# बस ने मोटर साइकिल और स्कूटी सवारों को रौंदा,एक ही परिवार के 7 लोग घायल, 4 गंभीर

**छतरपुर।** नौगांव नेशनल हाईवे 75 पर बुधवार की देर शाम एक बस ने मोटर साईकिल और स्कूटी सवारों को टक्कर मार दी। इस घटना में एक ही परिवार के सात लोग घायल हो गये, चार की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें ग्वालियर रिफर कर दिया गया।



मिली जानकारी के अनुसार अनिल बरार उम्र 40 साल अपनी पत्नि माया बरार उम्र 35 साल, रोहित 22 साल और अपने बच्चों रोशनी 6 साल, रितिक 10 साल, प्रियांशी और प्रकाश के साथ अपनी ससुराल ग्राम धमौरा थाना ओरछा रोड गया हुआ था। शादी से अपने गांव अचटट थाना नौगांव के लिये मोटर साईकिल और स्कूटी पर सवार होकर 7 लोग नौगांव की ओर आ रहे थे तभी छतरपुर की ओर से आ रही यात्री बस क्रमांक एमपी 36 पी 0360 बस टीकमगढ़ से नौगांव होते हुये छतरपुर जा रही थी तभी नयागांव तिगेला के समीप सामने से दोनो वाहनों स्कूटी और मोटर साईकिल को टक्कर मार दी। हादसे में सात लोग घायल हो गये। जिनमें अनिल बरार, रोहित बरार, रोशनी बरार और रितिक को प्राथमिक उपचार के बाद ग्वालियर रिफर कर दिया गया। हादसे की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को एम्बुलेंस से तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया।




# खंडवा, खरगोन-बुरहानपुर के रास्ते होगी मप्र में मानसून की एंट्री

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में मानसून की एंट्री खंडवा, खरगोन, बुरहानपुर के रास्ते हो सकती है। पिछले साल भी मानसून यहीं से आया था। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो 18 से 20 जून के बीच मानसून प्रदेश में एक्टिव हो सकता है। बड़े शहरों में इंदौर-भोपाल में सबसे पहले आएगा। फिर जबलपुर और ग्वालियर में बादल बरसेंगे। 3 जून से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से गर्मी का असर नहीं रहेगा, जिससे तापमान में गिरावट होगी।

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार अबकी बार एमपी के साउथ वेस्ट और साउथ ईस्ट से मानसून एंट्री करेगा। पिछले साल खंडवा, खरगोन के रास्ते मानसून ने एंट्री की थी। इस बार भी यही संभावना है। भोपाल स्थित क्षेत्रीय कार्यालय ने जून का फोरकास्ट जारी किया है। मौसम के जून के ट्रेंड देखें तो भोपाल, इंदौर, जबलपुर-ग्वालियर में से सबसे पहले इंदौर में मानसून पहुंचा है। वर्ष 2014 में मानसून ने जुलाई में प्रवेश किया था। तब 7 जुलाई को भोपाल और 10 जुलाई को इंदौर-ग्वालियर में मानसून आया था। इसके बाद वर्ष 2019 में भी भोपाल-ग्वालियर में मानसून जुलाई में आया था। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि इस बार 20 जून तक मानसून प्रवेश कर सकता है, इसलिए प्रदेशभर में जून महीने में ही एक्टिव हो जाएगा।

जून के पहले सप्ताह में गर्मी का असर तेज रहता है। पिछले 10 साल के आंकड़े देखें, तो तापमान 46 डिग्री के पार पहुंच चुका है। सबसे ज्यादा गर्म



खजुराहो, टीकमगढ़, भिंड, मुरैना, मंदसौर, रतलाम आदि जिले रहे। यदि बड़े शहर भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और जबलपुर पर नजर दौड़ाई जाए, तो यहां भी पारा 45-46 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था।

**भोपाल में पिछले 3 साल से कम तापमान–** भोपाल में पिछले 3 साल से जून में सबसे कम गर्मी पड़ी। वर्ष 2013 से 2022 तक के आंकड़ों के अनुसार, 1 और 5 जून 2013 को पारा 42.6 डिग्री था। इसके बाद तापमान में लगातार बढ़ोतरी हुई, जो 45.4 डिग्री तक पहुंच गया। वर्ष 2020 से तापमान में गिरावट होने लगी। 2020-21 में तापमान 40 डिग्री के आसपास रहा, लेकिन पिछले साल 6 जून को पारा सबसे ज्यादा 43.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। इंदौर में जून में टेम्प्रेचर कम रहता है। पहले ही सप्ताह सबसे ज्यादा तापमान पहुंचता है। उसके बाद मानसून एक्टिव होने से पारे में बढ़ोतरी नहीं होती। 10 साल में सिर्फ दो बार ही तापमान 44 डिग्री तक पहुंचा है।

मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि केरल में 4 जून तक मानसून एंट्री कर लेगा। यह मध्यप्रदेश में 18 से 20 जून के बीच एंट्री करेगा। प्रदेशभर में यह जून के आखिरी सप्ताह तक एक्टिव हो सकता है। मौसम वैज्ञानिकों ने प्रदेश के 63 प्रतिशत हिस्से में सामान्य से कम बारिश का अनुमान जताया है। इनमें इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, चंबल, रीवा और सागर संभाग के कुल 33 जिले शामिल हैं। यहां सामान्य से 10 प्रतिशत या इससे कम बारिश हो सकती है, जबकि भोपाल, जबलपुर, नर्मदापुरम और शहडोल संभाग के 19 जिलों में नॉर्मल बारिश होगी।